


## शहर में आज

- गायत्री शक्तिपीठ पर साप्ताहिक यज्ञ सुबह 07 बजे।
- भारतीय योग संस्थान की ओर से अशोक कॉलोनी ग्राउंड पर योग शिविर सुबह 5 .30 बजे।
- बिलसंडा में गांधी स्मारक सुंदर लाल इंटर कॉलेज मैदान पर चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल दोपहर 12 बजे।
- कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में संवाद दोपहर 12 बजे।

# बिजली की मार... दिनभर गुल रही आधे शहर की सप्लाई

## डिग्री कॉलेज चौराहा के पास केबल खराब, रामलीला सब स्टेशन पर चलता रहा लोड शिफ्टिंग कार्य, उपभोक्ता रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** मानसून की दस्तक में चंद दिन बाकी है। इन दिनों गर्मी ने जन जीवन अस्त व्यस्त कर रखा है। उसके ऊपर बिजली की अघोषित कटौती की मार थमने आ नाम नहीं ले रही है। रात भर की आंख मिचौली के बाद शनिवार को पूरे दिन आधे शहर की बिजली व्यवस्था ठप पड़ी रही। उपभोक्ता बिना बिजली के परेशान हो गए और जानकारी करने पर उन्हें जिम्मेदारों से संतोषजनक जवाब तक नहीं मिल सका। 10 घंटे से अधिक समय तक बिजली सप्लाई बाधित रही। उसके बाद सुधार कराकर सप्लाई चालू करा दी गई, लेकिन बीच-बीच में कई बार गुल होती रही। इसे लेकर उपभोक्ताओं में विभागीय अफसर-कर्मचारियों के प्रति रोष रहा।

पिछले एक माह से शहर की बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। शनिवार को सुबह से ही बिजली की अघोषित कटौती आफत बन गई। सुबह करीब साढ़े 6 बजे आधे शहर की बिजली गुल हो गई। सबसे पहले शरीफ खां चौराहा से 8 बजे शिकायत पहुंची। इस दौरान तर्क दिया गया कि टाउन नंबर टू क्षेत्र में मेन लाइन में दिक्कत आई है, जिसका टीम सुधार कर रही है। फिर काफी देर बाद भी जब बिजली नहीं आई तो मोहल्ला आसफजान, डोरीलाल, लाल रोड, मूलचंद धर्मशाला, खैरुल्लाशाह, होली चौराहा, पुरानागंज, मोहल्ला तुलाराम, चूने वाली गली आदि के उपभोक्ताओं ने इसे लेकर जानकारी करने का प्रयास किया, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका।

इसी बीच बेनहर कॉलेज के पास सनराइज कॉलोनी व आसपास के इलाकों की बिजली गुल हो गई। इसकी सूचना मिलने पर दूसरी टीम वहां पर भेज दी गई। मुख्य बाजार में भी बिजली सुबह से गायब रही, जिससे घरेलू के साथ ही व्यावसायिक जीवन पर भी असर पड़ा। करीब एक घंटे बाद सनराइज कॉलोनी की बिजली को चालू करा दी गई, लेकिन अन्य आधे शहर के उपभोक्ता परेशान होते रहे। ज्वाला देवी मंदिर के पास मोहल्ला टोलालना में भी सुबह से बिजली सप्लाई बाधित रही। सुधार में लगी टीम दोपहर करीब डेढ़ बजे केबल बॉक्स ठीक कर पाई। वहीं, डिग्री कॉलेज चौराहा पर केबिल क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसका सुधार करने के लिए टीमें लगी रही, लेकिन सुधार कार्य में काफी समय लगा।

इसके बाद सुनगढ़ी थाना और गैस चौराहा के पास ट्रांसफार्मर में ओवर लोड के चलते दिक्कत आई तो संबंधित इलाकों की सप्लाई बाधित हो गई। इसे लेकर पावर कॉरपोरेशन के अफसर कर्मचारियों की ओर से सही जानकारी नहीं दी जा सकी तो उपभोक्ताओं ने नाराजगी भी जताई। रामलीला सब स्टेशन पर लोड शिफ्टिंग को लेकर भी काम चल रहा था, तो कई इलाकों में उस वजह से भी सप्लाई बंद रही। इसके बाद शाम करीब 4 बजे सप्लाई चालू करा दी गई। मगर, इसके कुछ देर बाद ही बिजली दोबारा से गुल हो गई। इसकी सूचना मिलने पर टीम को दोबारा भेजा गया, मगर ओवरलोड की दिक्कत के चलते सप्लाई बाधित रही। इसका शाम 5 बजे सुधार कराकर सप्लाई चालू करा दी गई।


रामलीला सब स्टेशन पर लोड शिफ्टिंग कार्य में लगी टीम। ● अमृत विचार


घन्नई ताल के पास फाल्ट ठीक करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

### बोले: जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को भी पता लगनी चाहिए हकीकत

पॉवर कॉरपोरेशन के कर्मचारियों की ओर से जब कोई सटीक जवाब नहीं दिया गया तो गुस्साए उपभोक्ताओं ने इस पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि शहर की बिजली व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। आम नागरिक अघोषित कटौती से परेशान हैं और जिम्मेदार बेफ्रिक हैं। यह मांग की गई कि बिजली संबंधी जानकारी को बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप पर जिले के जनप्रतिनिधि, डीएम समेत अन्य अधिकारियों को भी जोड़ा जाए, ताकि उनको भी बिजली की दुर्दशा के बारे में जानकारी हो सके।

### व्यापारी नेता ने केंद्रीय राज्यमंत्री से की शिकायत

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष देवेश बंसल ने पावर कॉरपोरेशन के सूचनाओं के आदान-प्रदान को बनाए गए ग्रुप पर बिजली कटौती के संबंध में जानकारी करने के कई बार प्रयास किए, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद व्यापारी नेता ने अपने लेटर पैड पर केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद से लिखित शिकायत की। जिसमें बदतर होते जा रहे बिजली के हालात का सुधार कराने की मांग की गई। जिम्मेदारों की ओर से उपभोक्ताओं को कोई जानकारी न दिए जाने का भी खुलकर जिक्र किया।

### एक बार चमकी और फिर गुल हो गई बिजली

बिजली की मार ने शनिवार को शहरवासियों को बेहाल कर दिया। मोहल्ला आसफजान, लाल रोड, डोरीलाल समेत कई इलाकों में पूरे दिन में महज चंद मिनट को बिजली आई और फिर उसके बाद देर रात तक लोग परेशान होते रहे। शाम होते-होते इनवर्टर डाउन पड़ गए। जिसके बाद लोगों में पावर कॉरपोरेशन के प्रति रोष देखा गया। कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। कर्मचारियों की ओर से सही जवाब न मिलने पर रोष बढ़ता गया। इसके अलावा एकता नगर, सुनगढ़ी, अशोक कॉलोनी समेत कई इलाकों में बिजली आई लेकिन वोल्टेज डाउन रहे। इसके अलावा ट्रिपिंग की समस्या बनी रही।

## मीट शॉप सील कराकर दुकानदार पर कार्रवाई की मांग

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** मुर्गे के मांस में प्रतिबंधित पशु के मांस के टुकड़े निकलने का आरोप लगाते हुए दुकानदार पर सख्त कारवाई की मांग की है। आरोप है कि थाना बरखेड़ा पुलिस ने गंभीर प्रकरण के बावजूद कार्रवाई के नाम पर औपचारिकता निभाई। एसपी से मामले की शिकायत की गई है।

विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष पंडित राहुल शर्मा समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने एसपी से की गई शिकायत में बताया कि बीते दिनों कस्बे में एक मीट विक्रेता की दुकान से मीट खरीदने पर उसमें प्रतिबंधित पशु के मांस का टुकड़ा निकला था। इस मामले में बरखेड़ा पुलिस ने दुकानदार का शांतिभंग की आशंका में चालान कर मामला टाल दिया। आरोपी को जमानत पर उसी दिन छोड़ दिया गया। इससे लोगों में आक्रोश है। एसपी से दुकानदार पर सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए दुकान सील कराने की मांग की है। साथ ही मांस के टुकड़े की जांच करवाकर रिपोर्ट मंगवाने का आग्रह किया है। शिकायत करने वालों में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रिन्स भारद्वाज बजरंगी, जिला उपाध्यक्ष मनोज रस्तोगी, ब्लॉक अध्यक्ष बरखेड़ा संतोष भारती आदि हैं।

## एक नजर

### बंदरों के झुंड ने ग्रामीण को किया घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के अहिरवाड़ा गांव में आबादी के बीच शिव मंदिर है। वहां पर शनिवार को गांव के संतोष अवस्थी का पुत्र राहुल अवस्थी बैठा हुआ था। वह अपने साथियों से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान मंदिर के पास बंदरों का झुंड अचानक आ गया और राहुल पर हमला कर दिया। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर वैक्सीन लगवाई गई। फिर उसे परिजन घर ले गए।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**पूरनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा की रहने वाली निर्मला देवी ने बताया कि 14 जून को वह अपने घर में थीं। इस दौरान गांव के ही रामसेवक, शिवम और विकास लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए। गाली गलौज करते हुए मारपीट की। बचाने आए पति और बेटे को भी पीटा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दवा डालकर सुखा दी गन्ने की फसल

**पूरनपुर, अमृत विचार :** जनपद शाहजहांपुर के कस्बा पुवाया के मोहल्ला कसभरा के रहने वाले आशीष कुमार पुत्र विनोद कुमार ने बताया कि उनका सबलपुर गांव में खेत है। इसका मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। आरोप है कि 22 मई को अभितेंद्र दीक्षित पुत्र कन्हैयालाल दीक्षित निवासी मोहल्ला साहूकारा पूरनपुर ने अपने भाइयों के साथ मिलकर उनके खेत में खड़ी गन्ने की फसल पर दवा डाल कर सुखा दी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

### गाली गलौज का विरोध करने पर पीटा, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फीलखाना निवासी इस्लामउल्लाह खां ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 19 जून 2024 की रात साढ़े 10 बजे वह घर से नावल्टी तिराहे पर जा रहा था। तभी सोहराव उल्ला पुत्र अशरफ उल्लाह निवासी मोहल्ला फीलखाना उसकी पत्नी हिना, साला खुशहाल, फहीम ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की गई। शोर होने पर मोहल्ले के लोगों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने इस्लामउल्लाह की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## लेखपाल ने पांच हजार लिए और काम भी नहीं किया

**बीसलपुर, अमृत विचारः** एक ग्रामीण ने खतौनी में नाम दर्ज करने के नाम पर सुविधा शुल्क लेने का आरोप लेखपाल पर लगाया है। आरोप है कि रुपये लेने के बाद भी काम नहीं किया गया। डीएम को भेजे गए शिकायत पत्र में ग्राम दौलतपुर हीरा निवासी मुकेश कुमार भटनागर ने बताया कि उसकी गांव में ही जमीन है। खतौनी में उसका नाम छूट गया था। नाम दर्ज करने के लिए वर्तमान हल्का लेखपाल से बात की। आरोप है कि पांच हजार रुपये लेखपाल ने लिए। काफी समय बीतने के बाद भी लेखपाल ने न तो नाम दर्ज किया, न ही रुपये वापस किए। इसी बीच लेखपाल का स्थानांतरण पूरनपुर हो गया। पीड़ित ने लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

## सुरेश हत्याकांडः तीन आरोपी भेजे गए जेल, अन्य की तलाश

संवाददाता, बीसलपुर

- एक दिन पूर्व परिवार ने जाम लगाकर किया था प्रदर्शन

**अमृत विचारः** पुरानी रंजिश में ग्रामीण की पीटकर हत्या करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य दो आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की टीम लगाई गई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा नगरिया में गुरुवार को पुरानी रंजिश के चलते गांव के अजय पाल, आकाश, उमेश चंद्र, रविंद्र और हरिश्चंद्र ने खेत से लौट रहे ग्रामीण सुरेश चंद्र, उनके पुत्र देवेंद्र व जितेंद्र को हमला कर मारपीट की थी। मेडिकल कॉलेज में सुरेश चंद्र की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी इंद्रवती की ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई। शुक्रवार शाम को परिवार ने गांव के बाहर जाम लगाकर प्रदर्शन किया था, जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी समेत कई मांगें रखी गई थीं।

इधर, शनिवार को पुलिस ने आरोपी उमेश कुमार, हरिश्चंद्र और अजय पाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि अन्य दो आरोपियों की टीम तलाश कर रही है। उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## बीसलपुर के युवक की हरियाणा में मौत

**बीसलपुर, अमृत विचारः** मोहल्ले के एक व्यक्ति को दवा दिलाने के लिए हरियाणा जा रहे बीसलपुर के युवक की बागपत में सड़क हादसे में मौत हो गई। नगर के मोहल्ला बख्तावरलाल के रहने वाले प्रदीप कुमार (28) गुरुवार को बुकिंग पर अपनी कार लेकर मोहल्ले के ही बृजेश कुमार मिश्रा को दवा दिलाने के लिए रोहतक हरियाणा ले गए थे। जनपद बागपत में तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनके वाहन में टक्कर मार दी, जिसमें मौके पर प्रदीप की मौत हो गई, जबकि बृजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मचा रहा।

## नकली नोट देकर रुपये दोगुना करने का दिया झांसा, ठगे साढ़े आठ लाख

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- रुपये लेकर फरार हुए आरोपी, पुलिस के नाम पर डराकर भगाया, अब केस दर्ज

**अमृत विचारः** नकली नोट देकर रुपये दोगुना करने का लालच देकर साढ़े आठ लाख रुपये की ठगी कर ली गई। ठगों ने टेंपो चालक व उसके परिचितों को पहले विश्वास में लिया। फिर रुपये हड़प लिए और पुलिस के आने का डर दिखाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी है।

थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम शिवनगर निवासी राजवीर सिंह ने सुनगढ़ी पुलिस को तहरीर दी, जिसमें बताया कि दिसंबर 2022 में उसकी मुलाकात टेंपो अड्डे पर रिंकू व लालू नाम के युवकों से हुई। आरोपियों ने रुपये दोगुना करने की बात कही। इस पर जनवरी 2023 में उसने परिचितों से तीन लाख रुपये एकत्र किए। आरोपियों ने कहा कि वह उसको नकली नोट दिलवा देंगे, जो देखने में बिल्कुल असली की तरह लगेंगे। आरोपियों ने शारदा अस्पताल के पीछे उससे रुपये लिए। वहां पहले से गुड्डू सैनी और भोला सैनी निवासी ग्राम नौसर थाना खटीमा मौजूद थे। आरोपियों ने राजवीर से तीन लाख, उसके परिचित माखनलाल से तीन लाख और परमेश्वरी से ढाई लाख रुपये लिए। इसके बाद आरोपी एक मकान में गए और पुलिस आने की बात कहकर उन्हें भगा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गजरौला एसओ जगदीप मलिक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## टेंडर का खेलः जांच बैठी पर नहीं हो सकी शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नगर पंचायत कलीनगर में 58 लाख के टेंडर में खेल का मामला

**अमृत विचारः** नगर पंचायत कलीनगर में निविदाओं की विड में खेल करने से जुड़ी शिकायत के बाद बमुश्किल जांच बैठाई गई, मगर कई दिन बीतने के बाद भी इसकी शुरुआत नहीं हो सकी है। नगर पंचायत के जिम्मेदारों ने अभिलेख ही मुहैया नहीं कराए है। फिलहाल एसडीएम का कहना है कि जल्द ही जांच को गति दी जाएगी।

स्वच्छ पेयजल योजना के तहत नगर पंचायत कलीनगर में विभिन्न स्थानों पर सोलर वेस्ड वाटर कूलर की स्थापना कराई जानी है। 58 लाख रुपये से होने वाले इस काम के लिए 21 मई 2025 को ई-निविदा आमंत्रित की गई थी। इसमें चार फर्म एम-एम कंस्ट्रक्शन, पवन इंटरप्राइजेज, आरवीआर कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स, जीवी कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स ने विड डाली थी। पहले जीवी कंस्ट्रक्शन की बिड अस्वीकृत की गई और फिर धांधली के आरोप लगाते हुए शिकायत की गई तो आनन-फानन में 5 जून को अन्य तीनों फर्म की बिड भी अस्वीकृत कर दी गई थी। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने भी इस मामले में कार्रवाई के लिए डीएम को पत्र लिखा था। एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया ने इस मामले में एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता को जांच दी। एसडीएम ने नगर पंचायत कलीनगर के जिम्मेदारों से संबंधित पत्रावली तलब की, मगर सात दिन बाद भी इस जांच को गति नहीं मिल सकी है। एसडीएम सदर ने बताया कि रविवार को अभिलेख मुहैया हो जाएंगे, जिसके बाद जांच कर जल्द ही रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

## संपूर्ण समाधान दिवसः 37 शिकायतों में पांच का निस्तारण

**बीसलपुर, अमृत विचारः** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम नागेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें कुल 37 शिकायत आई, जिसमें से महज पांच का निस्तारण मौके पर हो सका।

शेष 32 शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। बता दें कि पहले डीएम की अध्यक्षता में सुनवाई होनी थी। इस मौके पर सीओ प्रतीक दहिया, तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार वीरेंद्र कुमार, वीरपाल सिंह, अवधेश कुमार, एआरओ मनोज कुमार शर्मा, खंड विकास अधिकारी सुभाष यादव, कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला, जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव, सीएचसी अधीक्षक डॉ. लेखराज गंगवार आदि मौजूद रहे।

# जिले में कम नामांकन वाले स्कूलों का सर्वे शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शासन के निर्देश पर शुरू हुआ सर्वे, 1 जुलाई से लागू होगी एकीकरण व्यवस्था
- सात ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारियों ने प्रधानाध्यापकों से मांगी रिपोर्ट




**अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधनों के समुचित उपयोग को लेकर शिक्षा विभाग ने एक बड़ा कदम उठाया है। कम नामांकन वाले स्कूलों को अब दूसरे विद्यालय में एकीकरण करने के निर्देश दिए हैं। विद्यालयों में लगातार कम हो रहे छात्र नामांकन को देखते हुए शासन के निर्देश पर ऐसे स्कूलों की पहचान की जा रही है, जहां छात्र संख्या मानक से काफी नीचे है। निर्देश मिलने के बाद सर्वे शुरू हो चुका है।

अनुमानित तौर पर करीब 100 से अधिक स्कूलों में कम नामांकन का आकलन किया जा रहा है। इन विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को अब समीपवर्ती सक्रिय और संसाधन युक्त स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। यह नई व्यवस्था आगामी एक जुलाई से जिले में लागू कर दी जाएगी।

जिले में कुल 1508 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 291 कंपोजिट, 928 प्राथमिक, 280 उच्च प्राथमिक विद्यालय और 9 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शामिल हैं। इनमें से 18 स्कूल नगरीय क्षेत्रों में संचालित हैं। वर्तमान में कक्षा एक से तीन तक लगभग 60,864 और कक्षा चार से आठ तक 1.15 लाख छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। बावजूद इसके कई विद्यालय ऐसे हैं, जहां बच्चों की संख्या 10 से भी कम है। इससे न केवल शिक्षक-छात्र अनुपात प्रभावित हो रहा है, बल्कि विद्यालयों में संसाधनों का समुचित उपयोग भी नहीं हो पा रहा। शासन स्तर से चार दिन पहले बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार द्वारा जारी पत्र में ऐसे कम नामांकन वाले विद्यालयों को चिह्नित कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके पीछे उद्देश्य है कि कम बच्चों वाले विद्यालयों को पास के स्कूलों में एकीकृत कर शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सके। इस निर्देश के तहत सातों ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) ने अपने-अपने क्षेत्र के प्रधानाध्यापकों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

बताया जा रहा है कि जिले में ऐसे 100 से अधिक विद्यालय हैं, जिन्हें अस्थायी रूप से शून्य घोषित कर उनके विद्यार्थियों का समायोजन पास के स्कूलों में किया जाएगा। शिक्षा विभाग का कहना है कि इस प्रक्रिया में बच्चों की पढ़ाई किसी भी सूरत में प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। बच्चों को बेहतर शैक्षिक माहौल और सुविधाएं देने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है। अंतिम निर्णय सर्वे रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा और बच्चों की सुविधाएं हर स्थिति में प्राथमिकता पर रहेंगी। यह कवायद न केवल संसाधनों की बर्बादी को रोकेगी बल्कि शिक्षक-छात्र अनुपात को संतुलित कर शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाएगी।

> शासन से निर्देश मिले हैं कि कम नामांकन वाले स्कूलों को पास के स्कूलों में समायोजन किया जाना है। ऐसे स्कूलों को चिन्हित करने का काम शुरु हो चुका है। जल्द ही सूची फाइनल करने के बाद उसे समायोजित कर दिया जाएगा। - **पंकज शाक्य**, जिला समन्वयक, बेसिक शिक्षा विभाग



# लापरवाही सामने आई, अब दोबारा से होगी शहर के कई नालों की सफाई

## एक दिन पूर्व एडीएम ऋतु पुनिया के निरीक्षण में भी खुली पोल तो मची खलबली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ईओ को भुगतान रोकने के दिए निर्देश, किराया होगा जमा

**अमृत विचार:** नालों की सफाई को एक बार फिर सवाल खड़े हो गए। एडीएम के निरीक्षण में अव्यवस्था मिली तो खलबली मच गई है। कई स्थानों पर सिर्फ कागजों में सफाई दिखाकर खानापूरी की गई थी। इसे गंभीरता से लेते हुए ईओ को भुगतान रोकने और सफाई कार्य में लगे वाहनों का किराया विभागीय खाते में जमा कराने के निर्देश दिए हैं। इतना ही नहीं, नगर पालिका को दोबारा से कई नालों की सफाई करानी होगी, ताकि आगामी बारिश में जलभराव की स्थिति से बचा जा सके।

बता दें कि शहर नगर पालिका की ओर से मानसून से पहले 28 नालों की सफाई का टेंडर निकला गया था, जिस पर 32 लाख रुपये का बजट खर्च किया जा रहा है। टेंडर होने के बाद फर्म की ओर से काम शुरू कर दिया गया था। अभी तक जितने भी नालों की सफाई की गई है। उसमें औपचारिकता निभाई गई है। आलम यह है कि नालों की तलीझाड़ सफाई होनी थी, लेकिन वहां पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। नालों में पानी चोक है। करीब चार दिन पहले शहर में गांधी स्टेडियम रोड पर नालों की सफाई कराई गई थी, लेकिन यहां भी नाले की सफाई के नाम पर रस्म अदायगी की गईं। इतना ही नहीं, नाले से निकली सिल्ट भी सड़क पर फैली पड़ी थी। सिल्ट की वजह से यहां लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा था। इसका संज्ञान लेते हुए एडीएम ऋतु पुनिया ने शुक्रवार को निरीक्षण किया था। लापरवाही मिलने पर ईओ संजीव कुमार, सफाई निरीक्षक सबीर अली और ठेकेदार पंकज राजपूत की फटकार लगाई थी। उन्होंने ईओ को ठेकेदार के भुगतान से कटौती करने के निर्देश दिए। इसके अलावा दोबारा से नाला सफाई करने के निर्देश दिए हैं। इस पर शनिवार को नगर पालिका की ओर से गांधी स्टेडियम रोड पर नालों की दोबारा से सफाई कराई गई।


मोहल्ला नखासा में नाले की दोबारा सगाई के बाद निकाली गई सिल्ट।

> नाला सफाई में मिली लापरवाही को देखते हुए दोबारा से सफाई करने के निर्देश दिए हैं। जब तक समस्त नालों की तलीझाड़ सफाई नहीं हो जाएगी। ठेकेदार का कोई भी बिल भुगतान नहीं किया जाएगा। सरकारी वाहनों के किराए को लेकर संबंधित सफाई निरीक्षक से रिपोर्ट तलब की गई है।
> –**संजीव कुमार**, ईओ, नगर पालिका

### हटवाई गई सिल्ट, हुई सड़कों की धुलाई

गांधी स्टेडियम रोड पर फैली सिल्ट को साफ करने के अलावा सड़क की धुलाई भी कराई गई। साथ ही चूना और ब्लीचिंग भी डलवाई गई, ताकि संक्रमण का खतरा न रहे।

### करीब छह नालों की दोबारा से होगी सफाई

गांधी स्टेडियम रोड के अलावा शहर के भीतर भी कई नालों की सफाई गड़बड़ी देखने को मिली है। एडीएम के निरीक्षण के बाद नगर पालिका ईओ और सफाई निरीक्षक स्वयं नालों का सत्यापन करने में लगे हुए हैं। बिल सत्यापन करने से पहले शहर के अन्य नालों का निरीक्षण किया गया, जहां विशाल टॉकीज से मोहल्ला नखासा तक जाने वाला नाला गंदगी से पटा मिला। इसकी दोबारा से सफाई कराई जा रही है। वहीं शाहजी मियां मजार वाले नाले की भी सफाई चल रही है। मगर अब मानसून आने में कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में नाला सफाई लोगो लिए मुसीबत बन सकती है।

## पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ पीटीआर पहुंची

**पीलीभीत, अमृत विचार:** प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचकर भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने गोपालपुर में बन रहे रेस्क्यू सेंटर का भी निरीक्षण किया और शेष बचे कार्यों का जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव अनुराधा वेमुरी एक दिन पूर्व पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंची। मुस्तफाबाद गेस्टहाउस पहुंचने पर डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह एवं सामाजिक वानिकी प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पीलीभीत टाइगर रिजर्व में कराए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली और स्थलीय सत्यापन किया। सामाजिक वानिकी प्रभाग के डीएफओ से आगामी पौधरोपण की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने गोपालपुर में निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर का भी निरीक्षण किया। कराए जा रहे कार्यों को देखने के साथ उन्होंने जल्द कार्य पूरा कराए जाने के निर्देश दिए। जंगल भ्रमण के दौरान प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव को बाघ भी दिखा।

# जानलेवा हमला कर झोपड़ी जलाने वाले सात लोगों को कैद, जुर्माना

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- अपर सत्र न्यायाधीश महेशानंद झा ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार:** जानलेवा हमला और आवासीय झोपड़ी में आग लगाने के मामले में सात आरोपियों को दोषी पाकर अपर सत्र न्यायाधीश महेशानंद झा ने सात वर्ष कैद और प्रत्येक को 16 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव जटपुरा निवासी रामरतन ने 11 दिसंबर 2021 को न्यूरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया था कि उसी दिन सुबह करीब 6:40 बजे गांव के ही लालता प्रसाद, महेंद्र पाल पुत्रगण होरीलाल, कृष्ण पाल, कुंवर सिंह, पवन कुमार पुत्रगण सुंदरलाल और सुंदरलाल की पत्नी नन्ही देवी जगह के विवाद को लेकर हाथ में बांका, कुल्हाड़ी, लाठी और डंडे लिए हुए उनके झोपड़ीनुमा घर में घुस आए। होरीलाल पुत्र जुकखन के हाथ में कुल्हाड़ी थी। सभी लोगों ने गाली गलौज करते हुए लालता प्रसाद ने जान से मारने की नीयत से उनकी पत्नी चांदनी के कुल्हाड़ी मार दी। होरीलाल ने बांका से जानलेवा हमला किया। सभी ने एक राय होकर उसके झोपड़ी नुमा घर में आग लगा दी। इसी घर में वादी अपने परिवार के साथ रहता था। आरोपियों ने झोपड़ी की दीवार गिरा दी। आग और दीवार गिराने से काफी नुकसान हुआ। घरेलू सामान, अनाज, बिस्तर, कपड़े जेवर आदि जलकर नष्ट हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया।

वादी के विशेष अधिवक्ता विद्याराम वर्मा ने बताया कि न्यायालय में सुनवाई के दौरान इस मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से सात गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। मामले की सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश महेशा नंद झा ने सातों आरोपियों को दोषी पाकर सात वर्ष कारावास और प्रत्येक आरोपी को 16000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। सजा सुनाने के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। अर्थदंड जमा होने पर उसमें से आधी धनराशि पीड़ित पक्ष को दिए जाने के आदेश न्यायालय ने दिए हैं।

# पेड़ उखाड़ने को लेकर विवाद में सात घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जहानाबाद पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** खेत की मेड़ काटकर पेड़ उखाड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला तुल पकड़ गया। लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से वार किए गए। झगड़े में दोनों पक्षों के सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के परेवा वैश्य गांव निवासी जावेद खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही सज्जाद खां का खेत उसके खेत के बराबर में है। सज्जाद ने यह खेत बंटाई पर इरशाद खां, नसरत खां, छोटू और बद्दू को दिया था। आरोप है कि बंटाईदारों ने खेत की मेड़ काटकर यूकेलिप्टिस के पेड़ लगा दिए। 20 जून की सुबह 10 बजे जब जावेद का भाई अफरोज खेत पर गया, तो मेड़ कटी हुई और पेड़ लगे देख विरोध किया। विरोध करने पर आरोप है कि बटाईदारों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। उधर, दूसरे पक्ष की ओर से आसिया बेगम ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसी दिन सुबह 10 बजे अनवर खां, परवेज खां, इस्लाम खां और फरमान खां ने उनके खेत में लगे यूकेलिप्टिस के पेड़ उखाड़कर फेंक दिए। जब उन्होंने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की गई।

## रहस्यमय ढंग से लापता हुए बच्चों की गुमशुदी दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव से सात दिन पूर्व रहस्यमय ढंग से तीन बच्चे अचानक लापता हो गए। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

कोतवाली में पंजीकृत कराई गई रिपोर्ट में क्षेत्र के ग्राम नगीपुर अखौला के मझरा मझिगवां निवासी रामदीन, नन्ही देवी पत्नी भूपराम ने बताया कि 15 जून को सुबह नौ बजे उनके नाबालिग बच्चे श्रीकृष्ण (13), मोहित (12) और धर्मपाल (12) को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर गांव से ले गया। बच्चों को संभावित स्थानों पर तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं लगा। कोतवाली में तहरीर देकर बच्चों की गुमशुदी पंजीकृत कराई है। पुलिस ने गुमशुदी पंजीकृत करने के बाद बच्चों की तलाश शुरू कर दी है।

## प्रवीण मलिक सीओ पुवायां बने

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस उपाधीक्षक प्रवीण मलिक को सीओ पुवायां नियुक्त किया है, जबकि सीओ पुवायां निष्ठा उपाध्याय सीओ ट्रैफिक बनाया है। सीओ पुवायां प्रवीण मलिक थाना सिंधौली, थाना पुवायां, थाना बंडा, थाना खुटार के अपराध स्थिति एवं कानून व्यवस्था का पर्यवेक्षण करेंगे। वहीं सीओ ट्रैफिक निष्ठा उपाध्याय अपराध एवं यातायात से संबंधित समस्त कार्यों का संपादन करेंगी। एसपी ने पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक रवि करन सिंह को पुवायां का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। पुवायां प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान का गैर जनपद तबादला हो गया है।

# साठा धान न खरीदने पर किसानों का प्रदर्शन

संवाददाता, पूरनपुर

- एसडीएम ने मंडी सचिव को दिए समस्या के समाधान के निर्देश
- राइस मिलर्स ने साठा धान खरीदने से कर दिया था मना

**अमृत विचार:** कटाई के बाद साठा धान को बिक्री करने पहुंचे किसानों से राइस मिलर्स ने साठा धान खरीदने से मना कर दिया। इस पर दर्जनों किसान तहसील पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम से शिकायत की। एसडीएम ने मंडी सचिव से वार्ता कर किसानों की समस्या का निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

बता दें कि जिला प्रशासन के मना करने के बावजूद क्षेत्र में हजारों एकड़ जमीन में साठा धान की रोपाई की गई। अब यह फसल पक कर तैयार हो चुकी है और किसानों ने कटाई भी शुरू कर दी है। किसान काटी गई फसल को राइस मिलों पर बिक्री करने पहुंच रहे हैं। शनिवार को मुरादपुर, बख्तापुर के कई किसान कटाई के बाद साठा धान ट्राली में भरकर राइस मिलों पर बिक्री करने पहुंचे। इस दौरान कई राइस मिलर्स ने उनका धान खरीदने से मना कर दिया। अचानक साठा धान की खरीद बंद होने से किसानों में नाराजगी पनप गई। दर्जनों किसान धान भरी ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर पूरनपुर तहसील पहुंच गए साठा धान न खरीदे जाने पर विरोध-प्रदर्शन किया और एसडीएम अजीत प्रताप सिंह से राइसमिलों की मनमानी की शिकायत की। किसानों ने कहा कि अभी तक राइस मिलर्स शाहजहांपुर और लखीमपुर का साठा खरीद रहे थे। क्षेत्रीय किसानों का धान न खरीदने से समस्या खड़ी हो गई है। किसानों की परेशानी देखते हुए एसडीएम ने फोन पर मंडी सचिव सर्वेश कुमार शुक्ला से वार्ता की और किसानों की धान से जुड़ी समस्या दिखवाने को कहा। इसके बाद किसान मंडी समिति पहुंचे और सचिव से वार्ता की। सचिव के कहने पर राइस मिलर्स ने साठा धान की खरीद शुरू की। इस मौके पर लखविंद्र सिंह, सिमरनजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, सोहन सिंह, गुरजीत सिंह, राजेंद्र, दिलीप कुमार, नन्हेलाल, बलजीत सिंह आदि किसान मौजूद रहे।


तहसील में विरोध प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### आबादी में मगरमच्छ पहुंचने मची खलबली



**पूरनपुर, अमृत विचार:** बरसात शुरु होते ही जलीय और वन्य जीव आबादी में पहुंचने लगे हैं। तहसील क्षेत्र के गांव किशनपुर हरीपुर के पास से नहर निकली है। शुक्रवार रात एक मगरमच्छ का बच्चा गांव के देव नारायण वर्मा उर्फ पिंकू के मकान के पास पहुंच गया। लोगों की नजर मगरमचछ पर गई तो खलबली मच गई। काफी संख्या में गामीण जमा हो गए। मगरमच्छ के नहर के पानी में बहकर आने की संभावना जताई गई। देर रात तक लोगों की भी उसे देखेने के लिए जुटे रहे। इसकी सूचना लोगों ने वन विभाग को दी। जिसके बाद टीम पहुंची और जानकारी की। मगरमच्छ के फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहे।

### पंचायत घर में अजगर घुसने से लोग सहमे



**पूरनपुर, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा में पंचायत भवन बना है। शनिवार को अंतराष्ट्रीय योग दिवस था। इस उपलक्ष्य में आंगनबाड़ी कार्यकत्री और गांव के तमाम लोग पंचायत भवन में योग करने के लिए पहुंचे। इस दौरान पंचायत भवन के बरामदे के कोने में विशालकाय अजगर बैठा दिखाई दिया। इससे सभी लोग सहम गए। सूचना वन विभाग को दी गई। वन कर्मचारी ने अजकर को पकड़कर जंगल में छोड़ा। उसके बाद ग्रामीणों ने योग किया।

### नि:शुल्क बांटे गए हेलमेट, दिलाई सुरक्षा की शपथ



**पीलीभीत, अमृत विचार:** पीलीभीत राउंड टेबल 74 संस्था की ओर से शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत चिड़ियादाह के पास नए बाईपास पर हेलमेट वितरण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह, राउंड टेबल के अध्यक्ष चैतन्यदेव सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष रोहन बाधवा पहुंचे। एआरटीओ ने हेलमेट की उपयोगिता बताते हुए अभियान की सराहना की। इस दौरान दो दर्जन से अधिक बाइक सवारों को नि:शुल्क हेलमेट बांटे गए और उन्हें सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। शिविर में क्लब अध्यक्ष पुनीत धामेजा, सचिव अनमोल अग्रवाल, निशांत गोस्वामी, कुशल आनंद, राहुल रामचंदानी आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों को बताई पार्टी की नीतियां, नाम पते किए नोट



**पीलीभीत, अमृत विचार:** संगठन सृजन अभियान के तहत अल्पसंख्यक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को क्षेत्र के ग्राम बारातबोझ, सरदार नगर, लदपुरा, परेवा वैश्य आदि में पहुंचे। उन्होंने पार्टी की नीतियां ग्रामीणों को बताई। उनके नाम व मोबाइल नंबर नोट किए और संगठन से जुड़ने का आग्रह किया। इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अनवर अनीस, पीसीसी सदस्य युसूफ मलिक, अमरिया ब्लॉक अध्यक्ष दानिश हसन, मोहम्मद ताहिर सिद्दीकी, सिद्दीक अहमद उस्मानी आदि मौजूद रहे।

### अवैध खनन में पकड़ी गई ट्रॉलियों पर 48 हजार जुर्माना



**पूरनपुर, अमृत विचार:** एआरटीओ ने अवैध खनन में पकड़े गए दो ट्रैक्टर ट्रालियों पर जुर्माना लगाया। तहसील प्रशासन ने दोनों ट्रैक्टर पकड़े थे। कस्बे में चेंकिग अभियान को लेकर खलबली मची रही। पूरनपुर और कलीनगर क्षेत्र में अवैध खनन की आए दिन शिकायतें आ रही हैं। इस पर प्रशासन ने शिकंजा कसते हुए हाल ही में अवैध खनन में लगे दो ट्रैक्टर ट्रॉली और मडलोडर मशीन पकड़ी थी। तीनों वाहन तहसील परिसर में खड़े हैं। खनन अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट भी भेजी जा चुकी है। शुक्रवार को एआरटीओ वीरेंद्र सिंह तहसील पहुंचे। उन्होंने तहसील में खड़ी दोनों ट्रॉलियों पर 24 –24 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा उन्होंने असम हाइवे पर दो ट्रकों का टैक्स बकाया होने पर चालान किया।

### विवाहिता से मारपीट, ससुरालियों पर रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार:** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को ससुराल में प्रताड़ित करने के आरोप में पांच ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना गजरौला क्षेत्र की एक विवाहिता ने सुनगढ़ी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह नौ मई 2022 को जहानाबाद क्षेत्र के युवक के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति, ससुर, सास और ननद दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। विवाहिता ने आरोप लगाया कि ससुर ने दहेज में कार की मांग की और मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई। दो दिन बाद जब पिता उसे विदा कराने गांव के ही एक युवक के साथ ससुराल पहुंचे, तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता की। बार–बार दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट होती रही। पति ने अपने मोबाइल से उसकी अश्लील तस्वीरें खींच लीं और उन्हें वायरल करने की धमकी दी। 25 जुलाई 2023 को ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट

मिलने का समय
सोमवार–बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार–शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार–बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी–स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः– प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai



मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री

सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# योग दिवस की यही पुकार, खुद को स्वस्थ्य बनाने के लिए हो जाएं तैयार

## तन-मन को स्वस्थ रख शरीर को मजबूत करता है योग, जिले भर में उत्साह के साथ मना 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, राजापुर मंडी परिसर में हुआ कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य थीम पर जिले भर में मनाया गया। जिला प्रशासन ने राजापुर मंडी में योग शिविर का आयोजन किया। इसमें उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, जिले की नोडल अफसर मिनिस्ती एस सहित जिला स्तरीय अधिकारी आदि ने शामिल होकर योग किया और जनपद वासियों को ऊर्जा, संतुलन और सामूहिक स्वास्थ्य का संदेश दिया। इस अवसर पर पीएम मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कर योग सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

राजापुर मंडी में आयोजित योग दिवस का आरंभ उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने किया। इसके बाद योग प्रशिक्षक प्रगति बरनवाल के निर्देशन में बच्चों ने शिव तांडव स्तोत्रम् धुन पर योग का प्रदर्शन कर समर्पण, लय और संतुलन की झलक प्रस्तुत की। इसके बाद योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा, रुचि शुक्ला, अमित शुक्ला, प्रिंस बरनवाल के साथ अधिकारियों, माननीयों और कर्मचारियों को योग का अभ्यास कराया।


राजापुर मंडी परिसर में योग करतीं उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा।



युवराज दत्त महाविद्यालय में योगाभ्यास के दौरान मौजूद प्राचार्य, शिक्षक व छात्र।

राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी की वैश्विक पहल और दूरदृष्टि का ही परिणाम है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विश्वव्यापी आंदोलन बन चुका है। 21 जून को पूरे विश्व में करोड़ों लोग एक साथ योग कर वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को जीवंत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, संतुलन और एकता का उत्सव है। योग हमारी ऋषि परंपरा का वह अमूल्य उपहार है, जो तन को स्वस्थ, मन को शांत और आत्मा को ऊर्जावान बनाकर जीवन को अनुशासन, सहनशीलता और आत्मिक बल से जोड़ता है। इसलिए सभी लोग नियमित योग करें। नोडल अफसर मिनिस्ती एस ने कहा कि रोजाना 15 से 20 मिनट योग करने से तन और मन स्वस्थ रहता है। योग सिर्फ शरीर को मजबूत नहीं करता, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन भी देता है।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर, स्थिर मन और सशक्त आत्मा के लिए योग को जीवन का हिस्सा बनाएं। योग से व्यक्ति में साहस, करुणा और आत्मनियंत्रण जैसे गुण विकसित होते हैं। वर्तमान के तनावपूर्ण जीवन में योग सबसे प्रभावी उपाय है।


आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में योग का अभ्यास करती छात्राएं। ● अमृत विचार

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में योग ही है जो हमें भीतर से जोड़ता है। इस अवसर पर राज्यमंत्री, नोडल अधिकारी, महिला आयोग सदस्य, डीएम, एसपी एवं सीडीओ ने गत दिवस हुई योग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर हौसलाफजाई की। संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरिवंश कुमार एवं शिक्षिका ऋतु अवस्थी ने किया। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, अनिल रस्तोगी, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एएसपी प्रकाश कुमार, पवन गौतम, पीडी एसएन चौरसिया, डीसी मनरेगा सुशांत सिंह, डीपीआरओ विशाल सिंह, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. शैलेश प्रताप सिंह सहित सैकड़ों योग साधक मौजूद रहे।

उधर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (यूपी बोर्ड) में भारतीय योग संस्थान के जिला मंत्री एवं योग चिकित्सक शिवराम वर्मा ने भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को योग का अभ्यास कराकर इसका इतिहास बताया। उन्होंने कहा कि योग का जन्मदाता भारत है। निरंतर योग करने से शरीर में लचीलापन, ताकत और संतुलन में सुधार करता है। तनाव और चिंता को कम कर नींद की गुणवत्ता में सुधार करता है। हरदोई संभाग के संभाग निरीक्षक कैलाश सहित स्टाफ और छात्र मौजूद रहे।

आर्य कन्या महाविद्यालय में प्राचार्या प्रोफेसर गीता शुक्ला की मौजूदगी में छात्राओं और शिक्षकाओं ने योग किया। मुख्य अतिथि व योग प्रशिक्षक संतोष दीक्षित ने छात्राओं को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाकर इसका महत्व बताया। संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुशीला देवी ने किया। अर्चना सिंह, डॉ. प्रीति सिंह, वीना चौरसिया, सरिता यादव, छाया वर्मा आदि मौजूद रही। वाईडीसी में एनसीसी एवं एनएसएस व रोवर्स-रेंजर्स ने संयुक्त रूप से सामूहिक योगाभ्यास किया। इस दौरान कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल का संदेश सुनाया गया। योग प्रशिक्षक डॉ. अमित सिंह ने सूर्य नमस्कार, यो मुद्रा के 12 स्टेप का अभ्यास कराकर सूर्य के 12 मंत्रों का वाचन कराया। प्राचार्य प्रोफेसर हेमन्त पाल ने सभी को योग करने की शपथ दिलाई। एनसीसी यूपी. 26 बटालियन के कमांडिंग आफीसर कर्नल चित्रसेन, प्रोफेसर नीलम त्रिवेदी, चीफ प्रॉक्टर सुभाष चन्द्रा, संजय कुमार, विशाल द्विवेदी, प्रो. एसके पांडेय, नूतन सिंह, ज्योति पंत आदि मौजूद रहीं।

## विधायक ने कोतवाली में शिविर में सहभागिता की

**धौरहरा।** कोतवाली परिसर में योग प्रशिक्षक राज हंस ने सीओ शमशेर बहादुर सिंह, प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा के साथी पुलिस कर्मियों को योग कराया। खमरिया में विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कोतवाली के योग शिविर में सहभागिता की। ईसानगर प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार गंगवार, पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी ने परिवार संग बेल्तुआ आवास पर योग किया। उधर, श्रीराम वाटिका धाम में गोपाल शंकर अवस्थी, करौहा में भाजपा जिला मंत्री दुर्गेश नंदन पांडेय, कफारा में राकेश मिश्रा, उमेश अवस्थी, होलगढ़ में नरेंद्र वर्मा एलीट एकेडमी कलुआपुर में बच्चों के साथ एमडी रिम्पी सेठी और अफजल हुसैन ने योग कार्यक्रम में भाग लिया।

# विभिन्न संस्थानों में किया गया योग का अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार: पसगवां,** ब्लॉक परिसर में बीडीओ मोहित कौशिक के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। योग शिक्षक प्रवेश कुमार और निधि पांडेय ने विभिन्न योग क्रियाएं कराई। सीएचसी में अधीक्षक डॉ. अश्वनी वर्मा, डॉ. कुलदीप कुमार ने स्टाफ के साथ योगाभ्यास किया। थाना परिसर में थाना प्रभारी रविन्द्र सोनकर ने योगाभ्यास कराया। ग्राम मकसूदपुर के खेल मैदान में आयोजित योग शिविर में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद रेखा अरूण वर्मा के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजित किया गया। इसमें ब्लाक प्रमुख शिखा सिंह, बीडीओ मोहित कौशिक, ब्लाक कर्मियों व तमाम महिलाओं ने भाग लिया। उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या पसगवां में प्रधानाध्यापक विवेक शर्मा और एक बालिका ने योगाभ्यास कराया। पीके कान्वेंट स्कूल जंगबहादुरगंज व चन्दन लाल बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज भौनापुर में भी योगाभ्यास किया गया।


उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या पसगवां में योगाभ्यास कराती स्कूल की बालिका।

**संपूर्णानगर।** सरस्वती शिशु मंदिर सिंगाही खुर्द परिसर में योग शिक्षक श्याम बिहारी यादव ने योग कराया। पब्लिक इंटर कॉलेज मैदान पर योग प्रशिक्षक विवेक मिश्रा ने मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र शुक्ला, मंडल अध्यक्ष संपूर्णानगर प्रदीप कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष संपूर्णानगर शैलेंद्र सिंह सहित अंकित गुप्ता, सतीश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, ऋषिकेश सिंह, प्रबंधक हरजीत सिंह जुनेजा, इंद्रजीत सूरी, दीपक सक्सेना, डॉ. एके पांडेय, मनोज चड्ढा, अशोक यादव को योग कराया।

**मैगलगंज।** कोतवाली एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में योग शिविर में थाना प्रभारी रविंद्र कुमार पांडेय, दीवान कृष्ण कुमार ने पुलिसकर्मियों के साथ योग किया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर व श्रीपाल सिंह सरस्वती विद्या मंदिर में मुख्य अतिथि रामकुमार गुप्ता के साथ राजेंद्र मिश्रा, राममोहन गुप्ता, आलोक शुक्ला, स्कूल प्रबंधक छवीनाथ सिंह ने शिक्षकों के साथ योग किया।

**खीरी टाउन।** राम जानकी मंदिर पक्का तालाब परिसर में सदर विधायक योगेश वर्मा सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज चौहान, अशोक अवस्थी, अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार, राकेश वर्मा, राकेश कुमार सिंह आदि ने योग किया।

**मितौली।** तहसील मुख्यालय परिसर में एसडीएम रेनू मिश्रा ने बीडीओ अमित सिंह परिहार एवं कर्मचारियों के साथ योग किया। थाने में सीओ जितेंद्र सिंह परिहार एवं थाना प्रभारी शिवाजी दुबे और सीएचसी में अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह के नेतृत्व स्वास्थ्य कर्मियों ने योग किया। रोहनलाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक दिनेश कुमार मास्टर, प्रधानाचार्य अनिकेत कुमार ,शिवम मिश्रा, अरुण सिंह,राजू शुक्ल, राहुल त्रिवेदी ने योग किया।

**मोहम्मदी।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, टीपीआरएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, दून पब्लिक स्कूल, पी ड़ी इण्टर कॉलेज, तहसील परिसर से लेकर नगर पालिका एवं राजपुर बैनी के शक्ति केन्द्र मझगवां में योग शिविर लगा। इनमें क्षेत्रीय विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह आदि ने योग किया। योग शिक्षक डॉ. सुभाष गुप्ता ने लोगों को योग की उपयोगिता बताई।

**बेलरायां:** पंचायत भवन हरद्वाही पर संच तिकुनिया के सभी भैया बहने संच प्रमुख रामनारायण, राम मिलन, ग्राम प्रधान सौरभ वर्मा, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी नारायण व व्यापार मंडल मंत्री बेलरायां गांव के सदस्यों ने योगाभ्यास किया।

## मैलानी में रेनू गोयल ने कराया योगाभ्यास

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज में योग दिवस मनाया गया। काफी मात्रा में महिलाओं, पुरुषों एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। योग प्रशिक्षक रेनू गोयल ने महिलाओं पुरुषों एवं छात्र-छात्राओं को विभिन्न योग का अभ्यास कराया और बताया कि योग करने से शरीर की हर बीमारियां दूर हो जाती हैं। योगा करना हर मनुष्य के लिए जरूरी है। जिससे वह स्वस्थ रह सके। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, उनके पति भवानी शंकर माहेश्वरी, द्वारिका प्रसाद गोयल, सुभाष गोयल, आसमा बानो, फरहान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# योग दिवस पर छोटी काशी गोला में हुआ योगाभ्यास


गोला के नीलकंठ मैदान में योगाभ्यास करते विधायक अमन गिरि, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू। ● अमृत विचार


जमुनाबाद कृषि महाविद्यालय में योग करते शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● स्कूल-कॉलेजों में कराई गईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

**अमृत विचार:** प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. डालचंद, नोडल अधिकारी डॉ. आराधना सिंह एवं मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोला के सह जिला कार्यवाह विवेक वर्मा की मौजूदगी में शिव मंदिर क्षेत्र के नीलकंठ मैदान परिसर में योगाभ्यास कराया गया।

विधायक अमन गिरि, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव आदि ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। जिले के मास्टर योग ट्रेनर शशिकान्त दीक्षित ने अभ्यास प्रारम्भ कराया। आचार्य नरेंद्र वर्मा एवं धर्मेंद्र तिवारी ने सहयोग किया। सूक्ष्म व्यायाम ग्रीवा, स्कंध, कटि एवं जानु संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासनध्यान का अभ्यास करते हुए योग प्रतिज्ञा के बाद शान्ति पाठ किया। विधायक अमन गिरि ने कहा कि सभी को योग को अपनी दिनचर्या का अंग बनाना चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने नगर में वन चेतना केंद्र सहित विभिन्न स्थानों पर नित्य आयोजित योग अभ्यास सत्रों में के जाने को प्रेरित किया। सह जिला कार्यवाह विवेक ने कहा कि योग हमारी प्राचीन परम्परा है। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, सीजीएन पीजी कॉलेज कृषक समाज इंटर कॉलेज में योगाभ्यास एवं निबंध, पोस्टर, स्लोगन, रंगोली, क्विज, भाषण आदि प्रतियोगिताएं हुईं। विजेताओं को रविप्रकाश वर्मा, प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिमरन शर्मा, द्वितीय स्थान विजित कुमार, तृतीय नीरज वर्मा ने प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अस्तुति, द्वितीय सोनी श्रीवास्तव, तृतीय कारण और साक्षी वर्मा ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में अभय प्रताप सिंह ने प्रथम, दिया वर्मा द्वितीय और भागीरथी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिमरन, द्वितीय अंशिका सोनी ने और तीसरा स्थान अनामिका ने प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनामिका अवस्थी, द्वितीय स्थान राधा सिंह, तृतीय स्थान प्रिंस गिरि ने प्राप्त किया। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने शारीरिक शिक्षक महेन्द्र नाथ पाठक के निर्देशन में योग कर लोगो को योग करने के लिए प्रेरित किया। बजाज चीनी मिल में शास्त्रीय योग गुरु बृजकिशोर भगत की मौजूदगी में यूनिट हेड नीरज बंसल, पीएस चतुर्वेदी, पीसी. गुप्ता, आरके मिश्रा, संदीप कटियार, रितेश दुबे, एनएस नायर, डॉ. ओडी. शर्मा, खुशाल सिंह, डीके. सचान, अजय पांडे, अखिलेश सिंह, बद्री बिशाल सिंह, सुधीर मलिक, गोपाल जायसवाल, पवन श्यामरीवाल आदि ने योगाभ्यास किया।

## योग दिवस पर हुए जगह-जगह कार्यक्रम

**पलिया कलां।** क्षेत्र में जगह-जगह सामूहिक योग के कार्यक्रम आयोजित हुए। एसएसबी मुख्यालय में कमांडेंट रविंद्र कुमार राजेश्वरी की देखरेख में जवानों ने योग किया। सरस्वती विद्या मंदिर में योग गुरु विवेकानंद ने योग कराया। बंसी नगर में कृपाल सिंह ने सामूहिक योग कराया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सद्भाव और खुशहाली की ओर एक यात्रा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर डीडीजी स्मारक विद्यालय में स्वास्थ्य, संतुलन और आंतरिक शांति के शाश्वत मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए एक शांत और प्रेरक योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य इंजी. अनूप वर्मा ने दुनिया को प्राचीन भारतीय परंपरा के उपहार के रूप में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षक रमेश कुमार के मार्गदर्शन में आसन, प्राणायाम (श्वास तकनीक) और ध्यान की एक शृंखला का प्रदर्शन किया। वातावरण शांत ऊर्जा और सामूहिक मन:स्थिति से भरा हुआ था, जो योग के वास्तविक सार शरीर, मन और आत्मा की एकता को दर्शाता है। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह उत्सव हमारे तेज तर्रार जीवन में सेहत के महत्व की एक सौम्य याद दिलाता है और सभी को योग को जीवन जीने के तरीके के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।


योगाभ्यास करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar,12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश

SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Excellence
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT | B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM | MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP | Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN | GNM • ANM
• SSVIP | D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS | Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education • Best Placement In the Region • High-Tech Academic Infrastructure • Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC | 4.5 LPA Average CTC | 92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's | 2000+ Placement Offers | 550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्खलन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीवी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693 9837338306

# दिव्यांगजनों को वितरित कीं व्हीलचेयर व ट्राइसाइकिल

**मोहम्मदी, अमृत विचार:** नगर के एक पैलेस में सामाजिक अधिकारिता शिविर और राष्ट्रीय योजना के तहत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद धौरहरा आनंद सिंह भदौरिया ने पंजीकृत कुल 771 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, ट्राई साइकिलें व अन्य उपकरण वितरित किए, जिसमें 46 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 110 व्हीलचेयर, 44 फोल्डिंग व्हीलचेयर, 136 बैसाखी और 84 वॉकिंग स्टिक शामिल हैं। इसके अलावा 12 कान की मशीन, 21 सिलिकॉन कुशन, 8 सुगम्य केन और 9 फोल्डेबल वॉकर का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में 454 सिलिकॉन फोम तकिया, 888 घुटने की ब्रेस, 103 सर्वाइकल कॉलर और 484 लैम्बो सैकल बेल्ट भी वितरित किए। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए 480 छड़ी व सीट, 243 कमोड चेयर व स्टूल और 186 फोल्डिंग व्हीलचेयर कमोड सहित 114 कान की मशीन भी दी गईं।

# वन्यजीवों के संरक्षण को दुधवा में बनेंगे दो पुनर्वास केंद्र

## 1.5 करोड़ की लागत से गैंडों और अन्य विलुप्त हो रही वन्यजीव प्रजातियों के लिए मिलेगा प्राकृतिक आवास

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** दुधवा नेशनल पार्क में गैंडों और अन्य विलुप्त हो रहे वन्य जीवों की प्रजातियों को उनके प्राकृतिक आवास में संरक्षित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की है। इसके तहत दुधवा नेशनल पार्क में 1.5 करोड़ रुपये की लागत से गैंडों के लिए दो नए पुनर्वास केंद्र बनाए जाएंगे। इसके बनने से गैंडों के साथ अन्य विलुप्त होने के कगार पर पहुंचे वन्यजीव सुरक्षित होंगे और उन्हें प्राकृतिक आवास मिलेगा।

दुधवा नेशनल पार्क एक प्रमुख वन्यजीव अभ्यारण्य हैं। 490.3 वर्ग किलोमीटर में भारत-नेपाल सीमा पर फैले इस अभ्यारण्य में बारहसिंघा, बाघ, गैंडा, तेंदुआ, हाथी आदि तमाम वन्य जीवों का बसेरा है। यह पार्क एक सींग वाले गैंडे के लिए भी विख्यात है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुधवा की जैव विविधता संरक्षित करने और वन्य जीवों के प्राकृतिक आवासों को संरक्षित करने के लिए महत्वाकांक्षी योजना को स्वीकृत दी है। इस योजना के तहत दुधवा में गैंडों के लिए दो नए पुनर्वास केंद्र बनाए जाएंगे। यह सेंटर पहले से मौजूद आरआरसी-1 और आरआरसी-दो की तर्ज पर बनेंगे। इन सेंटरों के बनने से गैंडों को खुला वन क्षेत्र मिलेगा और उनकी विशेष निगरानी हो सकेगी।

इससे यह फायदा होगा कि उनकी स्वाभाविक प्रवृत्ति बनीं रहेगी और वह विकसित हो सकेंगे। साथ ही इन केंद्रों से अन्य विलुप्त हो रहे वन्यजीवों को भी संरक्षण मिलेगा। शासन से स्वीकृत 1.5 करोड़ में से 1.27 करोड़ रुपये की राशि गैंडों के प्राकृतिक आवास के रखरखाव पर खर्च होगी।

सात लाख रुपये वन्य जीवों की दवाओं और विभिन्न प्रकार के रसायनों पर वहन की जाएगी। 4.8 लाख रुपये निर्माण और तीन लाख रुपये छोटे ढांचे पर खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा मशीनों, उपकरणों और निगरानी आदि पर सात लाख रुपये का खर्च होगा।



दुधवा नेशनल पार्क में बच्चे के साथ विचरण करता गैंडा। • अमृत विचार

### योजना से यह होगा फायदा

राइनो रिहैबिलिटेशन सेंटर बन जाने से अवैध शिकार को रोकने में काफी मदद मिलेगी। गैंडों के अवैध व्यापार पर भी अंकुश लगेगा। इसके साथ ही निगरानी तंत्र भी और अधिक मजबूत हो जाएगा। यह योजना गैंडों की संख्या बढ़ाने में सहायक होगी। साथ ही दुधवा की जैव विविधता को भी स्थायी रूप से विकसित कर समृद्ध और शक्तिशाली बनाएगी।

" दो नए राइनो रिहैबिलिटेशन सेंटर बनाए जाने के लिए मुख्यमंत्री ने 1.5 करोड़ रुपये की स्वीकृत दी है, जो पहले से मौजूद आरआरसी-1 व आरआरसी-2 की तर्ज पर बनाए जा रहे हैं। नए सेंटरों में गैंडों को खुला वन क्षेत्र मिलेगा और विशेष निगरानी हो सकेगी। अन्य वन्यजीवों के संरक्षण को भी बल मिलेगा।
-डॉ. रंगा राजू टी, पार्क उपनिदेशक दुधवा टाइगर रिजर्व।

# शिकायत का निराकरण न होने से फरियादी मायूस

**संपूर्ण समाधान दिवस**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** डीएम की मौजूदगी में शनिवार को सदर तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। इसमें डीएम, एसपी से लेकर सीडीओ एवं सीएमओ ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण कराने का प्रयास किया। साथ ही ओडीओपी योजना के तहत चयनित पांच लाभार्थियों को गुड़ उत्पादन के लिए टूलकिट देकर स्वरोजगार शुरू करने की शुभकामनाएं दी गईं।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शिकायतों को सुनकर उनकी निष्पक्ष जांच कर समय पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान कर सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिलाएं। इसमें किसी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण के लिए सौंपा गया। इस दौरान सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, पीडी एसएन चौरसिया सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम ने दी टूलकिट, युवा शुरू करेंगे स्वरोजगार समाधान दिवस में डीएम एवं एसपी संकल्प शर्मा सहित सीडीओ अभिषेक कुमार ने ओडीओपी योजना के तहत चयनित पांच लाभार्थी संदीप कुमार, नसीर अहमद, अमित कुमार, वीरेंद्र गुप्ता और रंजीत सिंह को गुड़ उत्पादन के लिए टूलकिट दी।

डीएम ने कहा कि यह उपकरण ही नहीं हैं, बल्कि स्वरोजगार शुरू करने के सपनों को आकार देने वाली चाबी है। डीएम ने लाभार्थियों से बात कर उन्हें व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए सफल उद्यमी बनने के लिए शुभकामनाएं भी दी।



संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायतें सुनतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा। • अमृत विचार

### 29 शिकायतों में सिर्फ तीन का निस्तारण

**धौरहरा, अमृत विचार:** सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 9, पुलिस विभाग 11, विकास विभाग 2, नगर निकाय 2, आपूर्ति 1, अन्य 4 शिकायतें आईं। कुल 29 शिकायतों में राजस्व विभाग की 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारित हो सका। इस दौरान तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल, ईओ गौरव सिंह, बीडीओ ईसानगर, सीओ धौरहरा सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कि कई विभागों के जिम्मेदारों की योजनाओं में लापरवाही सामने आई है, जिन्हें नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा।

### सिर्फ दो शिकायतें हुईं निस्तारित

**मितौली, अमृत विचार:** संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 18 शिकायतें दर्ज हुई। एसडीएम रेणु मिश्रा, सीओ जितेन्द्र सिंह परिहार, प्रभारी तहसीलदार दिनेश कुमार ने शिकायतें सुनी और महज दो शिकायतों का ही मौके पर निराकरण करा सकीं। अन्य के निस्तारण के लिए संबंधित को शिकायती पत्र दे दिए गए।

# 52 शिकायतों में से नौ का निस्तारण

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** तहसील में हुये संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की आईं 52 शिकायतों में मौके पर नौ समस्याओं का ही निस्तारण हो सका।

तहसील सभागार में अपा जिला अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में हुये संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व एवं आपदा की 26, पुलिस विभाग की सात, संयुक्त जांच के लिए छह, बिजली और खाद्य विभाग की चार चार, ग्राम्य विकास विभाग की तीन और नगर विकास, लोक निर्माण विभाग की एक एक सहित कुल 52 शिकायतें पंजीकृत की गई, जिनमें राजस्व एवं आपदा की नौ शिकयतों को मौके पर समाधान किया जा सका। शेष 43 शिकायतें संबंधित विभाग को सौंप दी गईं। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, सीओ गवेंद्रपाल गौतम, नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार यादव, भानुप्रताप सिंह सहित तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं सुनते एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह। • अमृत विचार

# एसएसबी जवान ने गरीब महिला को रक्त देकर बचाई जान

**पलिया कलां, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव घोला के मजरा आजाद नगर निवासी गरीब महिला धनवंती देवी पत्नी मुरारी लाल को खून की कमी के चलते कई बीमारियों ने घेर रखा था। डॉक्टर ने उसे खून चढ़वाने की सलाह दी, गरीबी के चलते वह ब्लड नहीं चढ़वा पा रही थी। जानकारी एसएसबी 39वीं वाहिनी कमांडेंट रविंद्र कुमार राजेश्वरी को मिली। उन्होंने वाहिनी के तीन जवानों को वनवीट अस्पताल भेजा। इसमें अमित कुमार यादव का रक्त उससे मिलान कर गया। उसने रक्तदान कर महिला की मदद की, उसकी हालत में काफी सुधार है।

# गैस पर ही खाना बनाने की शर्त पर पति के साथ गई महिला



परिवार परामर्श केंद्र पर सुनवाई के दौरान मौजूद उप निरीक्षक सुनीता कुशवाहा।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** परिवार परामर्श केंद्र में शनिवार को 11 परिवारों में सुलह कराकर पुनः दाम्पत्य जीवन व्यतीत करने के लिए पति के साथ पत्नियों को विदा किया गया।

परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी उप निरीक्षक सुनीता कुशवाहा ने शनिवार को काउंसलर नीति गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी एवं महिला आरक्षी निकिता राठौर, मुद्रिका चौहान व मेहा सिंह के साथ सुनवाई की। इस दौरान कुल 22 मामले आए। इसमें साझा गृहस्थी में निवास करने से लेकर, घरेलू हिंसा, अतिरिक्त दहेज की मांग आदि के कारण प्रमुख थे। सुनीता कुशवाहा ने बताया कि एक प्रकरण में विवाद की वजह पत्नी का चूल्हे पर खाना न बनाना था। इस कारण परिवार में कलह होने लगी। पत्नी का कहना था कि वह चूल्हे पर नहीं, बल्कि गैस पर खाना बनाएगी। दोनों पक्षों से वार्ता कर मामले में सुलह करा दी गई। शर्त मानने के बाद पति के साथ पत्नी विदा हुई। केंद्र प्रभारी ने बताया कि शनिवार को 11 जोड़े साथ-साथ रहने के लिए विदा हुए। जबकि छह मामले न्यायालय में लंबित होने के कारण, पांच मामलों में पक्षकारों में मनमुटाव होने कारण उन्हें सोचने-समझने का समय दिया गया है।

# दबंगों से परेशान ग्रामीण गांव छोड़ने को मजबूर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** बांकेगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत ग्रंट नंबर 11 के मजरा उदयपुर में पड़ोसियों द्वारा दबंगई दिखाकर किसान की बार बार मेड़ तोड़ी जा रही है। परेशान होकर युवक ने सपरिवार संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर गांव छोड़ने की अनुमति मांगी है।

उदयपुर के दिनेश कुमार पुत्र स्व. चिरौंजी लाल ने संपूर्ण समाधान दिवस में दिए प्रार्थनापत्र में कहा है कि उसके पिता ने अपनी आराजी गाटा संख्या 6624 रकबा 0.685 हेक्टेयर की पैमाइश हेतु एसडीएम न्यायालय में 17 मार्च 2015 को वाद दायर किया था। जिसका निस्तारण करते हुए 30 मई 2017 को आदेश होने पर राजस्व टीम व पुलिस बल ने 7 मई 2018 को पक्की मेडबंदी कराई थी। किंतु पड़ोसी चकदार अजय, अजीत, अनीश आदि ने दबंगई के चलते मेड़ तोड़ दी। जिसकी शिकायत पर 23 मार्च 2024 को पुनः पक्की मेडबंदी हुई किंतु आरोपियों ने फिर से मेड़ तोड़ दी। तब एसडीएम के आदेश पर 12 फरवरी 2025 को आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज हुई। तबसे वह जीना मुश्किल किए हैं, जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई के बजाय दिनेश के खिलाफ शांति भंग का मुकदमा दर्ज कर दिया। उसे अब न्याय की उम्मीद नहीं है, वह अपनी जान खोना नहीं चाहता है। इसलिए गांव से भागने की अनुमति चाहता है।



समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देने सपरिवार जाता दिनेश कुमार।

- **बार-बार मेड़ तोड़ने, धमकी देने से परेशान है दिनेश**
- **एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर मांगी अनुमति**

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
- BBA (Finance & Taxation)
- B.Com (Hons.)
- BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)
PG Programs
- MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
- M. Com.
- MCA
- MHA
- MPH
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.
PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### दहेज उत्पीड़न की पति सास, ससुर पर रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंठिया निवासी जोगेंद्र प्रसाद ने बताया कि उन्होंने पुत्री सारिका मौर्य का विवाह 19 अप्रैल 2020 को अम्जाबेहड़ निवासी राम मनोहर के पुत्र रवि कुमार के साथ दहेज देकर किया था। कुछ समय बाद से उनकी पुत्री को अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। मायके पक्ष ने अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थता जताई तो 17 जून 2025 को पति रवि कुमार, ससुर राम मनोहर और सास द्रोपदी देवी ने सारिका की पिटाई कर दी। सूचना पर वह 18 जून को पुत्री की ससुराल पहुंचे और उसे अपने घर ले आए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### दुर्घटना में घायल की मौत

**धौरहरा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिसैया निवासी मकसूद अली (60) रिश्तेदारी महराजनगर गए थे, जहां से 11 मई को साइकिल से घर आ रहे थे। तभी पिपरिया कुम्हेना गांव के बीच बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सीएचसी फिर लखीमपुर भेजा, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहीं इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र फिरोज आलम ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# अवैध अस्पतालों पर सीएमओ की कार्रवाई

## सोशल मीडिया पर हो रही फजीहत के बाद उठाया कदम, सीएमओ बोले-जिले में नहीं चलेंगे अवैध अस्पताल

### छह हॉस्पिटल सील

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



बिना पंजीकरण चल रहे अस्पताल को सील करने के दौरान मौजूद टीम।



अपंजीकृत अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीज को एंबुलेंस से जिला अस्पताल शिफ्ट कराते डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद कुमार रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिले में बिना पंजीकरण चल रहे अस्पतालों की भरमार है। इनमें से सर्वाधिक हॉस्पिटल जिला मुख्यालय पर हैं। इनमें मरीजों के सामान्य रोगों का ही इलाज नहीं किया जाता है, बल्कि ऑपरेशन तक होते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से स्वास्थ्य विभाग की हो रही फजीहत से सकते में आए सीएमओ ने शनिवार को टीम गठित कर छह अस्पताल सील करवा दिए हैं।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से अवैध अस्पताल संचालन की सूचना मिलने पर एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा, डॉ. आरएम गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ लाल जी पासी एवं डॉ. अमितेश दत्त द्विवेदी, डॉ. प्रमोद कुमार रावत के नेतृत्व में पांच टीमें गठित कर छापेमारी के निर्देश दिए गए। इस पर एक टीम ने शनिवार को सलेमपुर कोन में जीवन हॉस्पिटल पर छापा मारा। वहां पर सात मरीज भर्ती मिले, लेकिन चिकित्सक कोई नहीं मिला। मौजूद स्टाफ के नौ लोगों के पास भी डिग्री नहीं थी। पंजीकरण न होने पर अस्पताल को सील कर दिया गया। इसके बाद एसीएमओ डॉ. आरएम गुप्ता ने रामापुर तिराहा स्थित शिव माया हॉस्पिटल पर छापा मारा। वहां एक महिला भर्ती मिली, जिसका प्रसव ऑपरेशन से हुआ था। हॉस्पिटल में बीईएमएस चिकित्सक एवं दो पैरामेडिकल स्टाफ मिला। संचालक के पंजीकरण संबंधी प्रपत्र न दिखा पाने पर अस्पताल सील कर दिया गया। भर्ती मरीज को तीमारदार स्वेच्छा से दूसरे निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए लेकर चले गये।

उधर, डिप्टी सीएमओ डॉ. अमितेश दत्त द्विवेदी ने नहरिया रोड पर संचालित मेडिजोन हॉस्पिटल पर छापा मारा, जिसका पहले नाम टाटा केयर हॉस्पिटल था। मगर, सील होने के बाद नाम बदलकर चल रहा था। हालांकि पेनाल्टी जमा कराने के बाद टाटाकेयर को खोला गया था। अस्पताल में एक बीएएमएस चिकित्सक एवं दो स्टाफ कर्मी मिले। चिकित्सक पंजीकरण प्रपत्र नहीं दिखा सके। जबकि वहां पर आईसीयू के छह और सात बेड जनरल वार्ड के अलावा ओटी संचालित मिला। इस पर अस्पताल को सील कर दिया गया। डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद कुमार रावत ने रामापुर इंडियन पेट्रोल पंप के सामने स्थित प्रज्ञा हेल्थ केयर हॉस्पिटल का पंजीकरण आदि के प्रपत्र न दिखा पाने पर सील कर दिया गया।

उधर, खीरी टाउन में प्रेम पॉलीक्लिनिक को फरधान सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित वाजपेयी ने पंजीकरण न होने पर सील कर दिया। डिप्टी सीएमओ डॉ. लालजी पासी ने निघासन रोड पर महेवागंज में अभा हेल्थ केयर का पंजीकरण न होने पर ताला लगा दिया। सीएमओ के निर्देश पर अचानक हुई कार्यवाही से अवैध रूप से अस्पताल चला रहे संचालकों में खलबली मच गई है। सीएमओ का कहना है कि बिना पंजीकरण चल रहे अस्पतालों पर कार्यवाही का क्रम जारी रहेगा। मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

# सीएचसी में शुरू हुई गर्भवतियों के लिए ऑपरेशन की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● जटिल स्थिति में ऑपरेशन के लिए महिला अस्पताल की लगानी होती थी दौड़

**अमृत विचारः** सीएचसी निघासन पर भी शुक्रवार से गर्भवतियों के लिए ऑपरेशन की सुविधा शुरू हो गई। इससे जटिल स्थित में गर्भवतियों को न तो जिला महिला अस्पताल की दौड़ लगानी होगी और न ही इस दौरान होने वाली समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। निघासन सीएचसी को मिलाकर अब जिले की पांच सीएचसी पर ऑपरेशन से प्रसव होने लगे हैं।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि सीएचसी निघासन पर गर्भवती महिलाओं के लिए एलेक्टिव सिजेरियन (प्री प्लान ऑपरेशन) सेवा शुरू हो गई है। पहले दिन मिर्जागंज गांव निवासी नाजरीन पत्नी रियाज खान का शाम 05: 50 पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र कुमार निश्चेतक, डॉ. नीतू वर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. शशि प्रभा महिला चिकित्सक, अनिल यादव ओटी टेक्नीशियन एवं शैली वर्मा स्टाफ नर्स व लक्ष्मी वार्ड आया के सहयोग से सफल सिजेरियन हुआ। जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित है। सीएमओ ने बताया कि दो साल पहले जिले में जिला महिला चिकित्सालय व सीएचसी गोला पर ही सिजेरियन की सुविधा थी।मगर, अब सीएचसी पलिया, मोहम्मदी, मितौली के बाद सीएचसी निघासन पर भी ऑपरेशन सेवा शुरू हो गई है।इससे महिलाओं को प्रसव में जटिलता होने पर ऑपरेशन के लिए कई किलोमीटर चलकर जिला महिला अस्पताल की दौड़ नहीं लगानी होगी।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र जगपाल व उसकी पत्नी गीता देवी व उसके दोनों पुत्र अभिजीत व अनुप्रीत व पुत्री आस्था व छोटे पुत्र विजय पाल व उसकी पत्नी सुषमा देवी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किस भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा उनसे कोई वास्ता नहीं होगा। चन्दन लाल पुत्र मंगली प्रसाद निवासी ग्राम सुन्डियावा तहसील व नवाबगंज जिला बरेली।

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र मोहम्मद शाहिद को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद उमर पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी मोहल्ला नूरी नगर कस्बा व तहसील बहेड़ी, जिला बरेली।**

**आवश्यकता**
Class I - 8th सा. विषय, इंगलिश, विज्ञान, गणित, योग्य शिक्षिकाएं, आवेदन सहित साक्षात्कार 25.6.25 को प्रात: 10 से 1
**Hena Convent School**
Nadosi, (Parasakhera) Bareilly
**Mob: 9760936161**

**आवश्यकता है**
कक्षा N.C. से VIIIth हेतु अनुभवी फीमेल टीचर्स की (सैलरी योग्यतानुसार)
Interview
23 और 24 जून 2025
समय सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
**एल.बी.एस. कॉन्वेंट स्कूल**
निकट होली चौराहा, संजय नगर, बरेली।
7060189500, 8533037097

**हरि चन्द्रा महाविद्यालय**
हंडेला, गोला रोड, अलीगंज लखीमपुर खीरी
सम्बद्ध- लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ
**आवश्यकता है**
महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला संकाय विषयों में एक-एक पद के लिए चित्रकला, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं विज्ञान वर्ग के लिए, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान के इन सभी विषयों में सहायक आचार्यों की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र अपने मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ डाक द्वारा या स्वयं महाविद्यालय में 10 दिनों के अन्दर जमा कर सकते हैं। शैक्षिक योग्यता यू.जी.सी. के अनुसार या लखनऊ विश्वविद्यालय के अनुसार वांछनीय है।
**प्रबन्धक**
**पता- हरि चन्द्रा महाविद्यालय हंडेला, गोला रोड, अलीगंज लखीमपुर खीरी**
**मो.- 9452016953, 9450175793**

**मनोहर लाल गीता देवी महाविद्यालय**
कौरैया पुरवा-रखहीं, लखीमपुर खीरी
(सम्बद्धता- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)
**आवश्यकता है**
स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में सहायक आचार्य हेतु- 1. जन्तु विज्ञान- पांच पद 2. वनस्पति विज्ञान- पांच पद 3. रसायन विज्ञान- पांच पद 4. भौतिक विज्ञान- पांच पद 5. गणित- पांच पद
स्नातक स्तर पर कला संकाय में सहायक आचार्य हेतु- 1. हिन्दी- दो पद 2. भूगोल- दो पद
**योग्यता एवं वेतनमान-** यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
नोट:- इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन महाविद्यालय में पंजीकृत डाक अथवा सीधे महाविद्यालय में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अन्दर भेज सकते हैं।
**प्रबन्धक**
**डॉ. घनश्याम लाल**
**मो. 7499792149**


### करंट लगने से युवक की मौत

**बेहजम, अमृत विचारः** थाना नीमगांव की पुलिस चौकी सिकंद्राबाद के गांव जम्हौरा निवासी एक युवक की शुक्रवार को बरसात के दौरान करंट लगने से हालत बिगड़ गई थी, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी देर शाम को मौत हो गई।

गांव जम्हौरा निवासी नरेंद्र कुमार पांडेय (35) शुक्रवार की दोपहर हो रही बारिश के दौरान घर में बिजली का तार हटा रहा था। इसी बीच उसे करंट लग गया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिवार के लोग आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां उसकी उपचार के दौरान उसी दिन देर शाम मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंच गए।

## दुष्कर्म की कोशिश व जानलेवा हमले में छह पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बेहजम

● कोर्ट के आदेश पर थाना नीमगांव पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचारः** थाना नीमगांव पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर शौच करने गई महिला के साथ दुष्कर्म की कोशिश का विरोध करने पर जानलेवा हमला करने के मामले में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच सीओ मितौली को सौंपी है।

थाना नीमगांव क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि 24 जनवरी 2025 की शाम करीब छह बजे वह शौच के लिए खेतों की तरफ गई थी। तभी अपने खेत पर मौजूद इसी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सोनू ने उसे दबोच लिया। छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म करने की नीयत से उसे खेत में खींचकर ले जाने की कोशिश की। विरोध करने और शोर मचाने पर उसके साथ गाली गलौज और मारपीट कर भाग गया। आरोपी के चंगुल से छूटकर वह घर आई और परिवार वालों को घटना बताई। पति विनोद आरोपी के घर शिकायत करने गए तो आरोपी सोनू ने अपने परिवार के मोनू, मालिक, जय सिंह, छोटू, बादल ने पति के साथ गाली गलौज की। जातिसूचक शब्द कहते हुए जान से मारने की कोशिश की। शोरगुल होने पर आसपास के लोगों ने उसके पति को बचाया। उसने तहरीर पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एसपी ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। थाना नीमगांव पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच सीओ मितौली को सौंपी है।

### तालाब में उतराता मिला किसान का शव

**बेहजम, अमृत विचारः** थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव अंडूबेहड़ में चारा लेने खेतों पर गए किसान का दूसरे दिन तालाब में शव उतराता देखा गया। गांव अंडूबेहड़ निवासी रमेश कुमार (55) शुक्रवार की सुबह 10 बजे घर से पशुओं के लिए चारा लेने खेतों की तरफ गए थे, लेकिन वह देर शाम तक वापस नहीं लौटे। इस पर परिवार के लोग चिंतित हो उठे और उनकी तलाश की। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला। शनिवार की सुबह ग्रामीण खेतों की तरफ गए तो देखा कि उनका शव तालाब में उतरा रहा था। ग्रामीणों ने शव तालाब में पड़ा होने की सूचना परिवार वालों को दी। इससे परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग और तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। माना जा रहा है कि रमेश शौच आदि के लिए तालाब के किनारे गए होंगे और पैर फिसल जाने से गहरे पानी में जाने से उनकी डूबकर मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही वजह पता चल सकेगी।

## ऑपरेशन करते समय का वीडियो वायरल



निजी अस्पताल में बिना सर्जिकल विंग व मास्क पहनकर मरीज का ऑपरेशन करते डाक्टर। ● अमृत विचार

● ऑपरेशन के दौरान हंसी ठिठोली करते दिख रहा डॉक्टर एवं युवती

● मरीज की आंखों को बंद करने में प्रयोग किया गया सर्जिकल मास्क

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

> वायरल वीडियो अभी नहीं मिला है। यदि मिलता है तो कार्रवाई की जाएगी। ऑपरेशन करते समय सावधानियां बरती जानी आवश्यक हैं।
> -डॉ. संतोष गुप्ता, सीएमओ

**अमृत विचारः** जिले में बिना पंजीकरण चल रहे अस्पतालों में न तो इनमें एमबीबीएस चिकित्सक हैं और न ही प्रशिक्षित स्टाफ। इसके बावजूद इनमें सामान्य बीमारियों का ही नहीं, बल्कि ऑपरेशन तक हो रहे हैं। शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में मरीज का ऑपरेशन करते वक्त चिकित्सक और स्टाफ नर्स हंसी ठिठोली कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में ऑपरेशन जिस कमरे में हो रहा है उसकी ओटी न तो मानकों पर खरी है और न ही चिकित्सक और स्टाफ नर्स ओटी के प्रोटोकॉल का पालन करते दिख रहे हैं। वीडियो में ऑपरेशन के दौरान मरीज को बेहोशी का इंजेक्शन नहीं दिया गया है, क्योंकि चिकित्सक के कैंची से कट लगाते समय मरीज की दिक्कत चेहरे पर दिखती है। इतना ही नहीं सर्जिकल मास्क से मरीज की आंखें बंद की गई हैं। इसके अलावा न तो ऑपरेशन करने वाले ने ही सर्जिकल विंग पहन रखी है और न ही पास में कैंची पकड़े मौजूद ऐप्रिन पहने युवती ने। वीडियो में दिख रहा तीसरा युवक जिला अस्पताल में भी अक्सर देखा गया है, लेकिन अस्पताल प्रशासन इसे अपना कर्मचारी नहीं बता रहा है। वायरल वीडियो जिसने भी देखा वह दंग रह गया। मगर, वीडियो में ऑपरेशन करते समय जिस तरह की लापरवाही दिखने को मिल रही है, उससे लगता है कि यह लोग मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

### मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे दर्जनों क्लीनिक

**मैलानी, अमृत विचारः** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से मेडिकल स्टोर की आड़ में नगर से लेकर गांवों तक दर्जनों क्लीनिक संचालित हो रहे हैं। स्वास्थ्य महकमा जानकर भी अंजान बना हुआ है।

झोलाछापों ने पैसा कमाने का नया तरीका अपनाया है। अवैध तरीके से मेडिकल स्टोरों पर मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। ब्लॉक बांकेगंज के गांव मक्कागंज में बिना डिग्री के अस्पताल संचालित है, जहां छोटे-मोटे ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध है। मरीज इन झोलाछाप डॉक्टरों के बहकावे में आकर जान गंवा बैठते हैं। सफेदपोशों की मेहरबानी पर मामला रफा दफा हो जाता है। इन मेडिकल स्वामियों पर स्वास्थ्य महकमा भी कार्रवाई करने को नहीं सोचता है। स्वास्थ्य महकमा जानकर भी अनजान बना है। स्वास्थ्य महकमा की अनदेखी के चलते ही मेडिकल स्टोर और झोलाछाप डॉक्टरों का धंधा फल फूल रहा है। जांच की जाए तो अधिकतर मेडिकल और अस्पताल फर्जी डिग्री से संचालित हो रहे हैं। अस्पताल के सामने बड़े बड़े डॉक्टरों का नाम लिखा हुआ, लेकिन डॉक्टर महीनों में भी देखने को नहीं मिलते हैं। जनता के साथ छल कपट कर पैसा ठगा जा रहा है।

## युवती की अश्लील फोटो बनाकर वायरल कर रहा युवक

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने बताया कि किसी व्यक्ति ने उसके नाम की इंस्टाग्राम पर तीन अलग-अलग नामों से फेंक आईडी बनाई है। इन आईडी से उसके फोटो और वीडियो अश्लील बनाकर उसे एडिट कर वायरल कर रहा है। आईडी के माध्यम से उसके फालोवर्स को चैट और फोन कॉल पर आकर बात करने की धमकी दे रहा है। साथ ही उस पर भी वीडियो कॉल कर आकर बात करने व मिलने का दबाव बनाते हुए रुपये की मांग कर रहा है। रुपये न देने पर जान से मार देने की धमकी दे रहा है। इतना ही नहीं आरोपी ने स्नैप चौट पर बनाई गई आईडी के माध्यम से उसके फालोवर्स को अपने में एड कर रखा है। अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने से अज्ञात नंबरों से उसके मोबाइल पर फोन कॉल आ रहे हैं। इससे वह काफी मानसिक रूप से परेशान है। पीड़ित युवती ने थाना साइबर सेल पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### शिक्षकों और छात्रों के साथ किया योग

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** आरएम ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज में प्रबंधक राकेश वर्मा ने प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला एवं शिक्षकों और छात्रों संग योग किया। 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल परिसर में कमांडेंट राजन कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में संदीक्षा समिति सदस्यों एवं बच्चों ने योग किया। उप कमांडेंट अरुण कुमार विश्वनाथ मिश्रा, समीर राणा सहित जवान मौजूद रहे। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में महिला पतंजलि योग समिति ने योग कराया। स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में प्रधानाचार्या डॉ. वाणी गुप्ता की मौजूदगी में स्टाफ एवं एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को योग प्रशिक्षक राम नारायण वर्मा ने अभ्यास कराया। सेवा भारती ने नर सेवा नारायण सेवा एवं स्वच्छ जीवन उद्देश्य को लेकर सुशील वर्मा गर्ल्स मेमोरियल डिग्री कॉलेज में विभिन्न योग क्रिया कर रोजाना योग का अभ्यास करने को कहा। हरसिंगार, तुलसी, अश्वगंधा आदि के पौधे देकर विभाग संरक्षक सेवा भारती सीतापुर विभाग अवध प्रान्त डॉ. डीके वर्मा ने लोगों को पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष सेवा भारती गोपाल अग्रवाल, जिला संघ चालक अवधेश, जिला सह संघ चालक राकेश वर्मा, विजय श्रीवास्तव, मणींद्र मिश्रा सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा। इसके बाद सभी को अंकुरित मूंग व चने का नाश्ता कराया गया।


Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY**
**BIU COLLEGE OF PHARMACY**
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
**ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY**
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
**KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY**
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
**BIU College of Management**
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY**
**Faculty of Paramedical Sciences**
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
▪ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
▪ BRIT (Intake-80 Seats)
▪ BPT (Intake-40 Seats)
▪ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
▪ BOTT (Intake-40 Seats)
▪ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
▪ MPT (Intake-20 Seats)
▪ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
**FACULTY OF FORENSIC SCIENCES**
Courses
▪ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
▪ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
**ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL**
Courses
▪ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
**Rohilkhand College of Paramedical Sciences**
Courses
▪ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
▪ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## ममरी और रोशननगर समिति में यूरिया खाद नहीं

**ममरी, अमृत विचार:** क्षेत्र की 100 टन भंडारण की क्षमता वाले ब्लॉक कुंभी गोला की ममरी और ब्लॉक बांकेगंज क्षेत्र की रोशननगर सहकारी समिति पर यूरिया की खेप अब तक नहीं पहुंच पाई है, जिससे किसानों में यूरिया के लिए मारामारी मची हुई है। मजबूरन किसान प्राइवेट दुकानों से यूरिया की बोरी 330 रुपये की दर से खरीदने को विवश हो रहे हैं।

किसानों का कहना है कि क्षेत्र की रोशननगर और ममरी सहकारी समिति पर यूरिया 10 दिन से नहीं है। जबकि इस वक्त उन्हें यूरिया की सख्त जरूरत है। जिन्हें जिन प्राइवेट दुकानों पर यूरिया मौजूद है, वहां उन्हें एक पाउडर पैकेट के साथ बोरी 330 रुपये में दी जा रही है। यूरिया के अभाव में उनकी खेतों में खड़ी गन्ने की फसल बेकार हो रही है। ममरी समिति के सचिव अतीक अहमद और रोशननगर समिति के सचिव दीपसिंह यादव का कहना है कि डिमांड चेक कई दिन पहले से लगी हुई है। लेकिन दोनों समितियां पर यूरिया की खेप अब तक नहीं पहुंच पाई है। क्योंकि यूरिया जिले पर ही उपलब्ध नहीं है। उम्मीद है कि दो चार दिन में यूरिया आ जाएगी। उन्होंने किसानों की पीड़ा को वाजिब ठहराया है।

# करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं

### ग्राम पंचायत कुकरा का हाल: बंद पड़ी पानी की टंकी, दोनों वॉटर कूलर चार साल से खराब, विधायक ने छात्रों के लिए विद्यालय व पुलिस चौकी गेट पर लगवाया वाटर कूलर

**संवाददाता, कुकरा**

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत कुकरा में चार वर्ष पूर्व करोड़ों की लागत से स्वच्छ पेयजल के लिए पानी की टंकी का निर्माण हुआ था, जो सफेद हाथी की तरह खड़ी है। पुलिस चौकी के गेट पर और मेन बाजार में भी चार साल से वाटर कूलर बंद होने से लोग पानी को तरस रहे हैं।

बांकेगंज ब्लॉक की वृहद ग्राम पंचायत कुकरा के मेन चौराहे के पास चार वर्ष पूर्व करोड़ों की लागत से बनी जल निगम की टंकी और लगे दो वॉटर कूलर चार वर्षों से बंद है, जिससे कस्बा के वाशिंदों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल का लाभ नहीं मिल रहा है। चार वर्ष बाद भी जल निगम के किसी अधिकारी ने इस ओर मुड़कर नहीं देखा। सरकार के सख्त निर्देशों के बावजूद कुकरा के बाशिंदे स्वच्छ पेयजल को तरस रहे हैं।

जल निगम ने स्वच्छ व ठंडा पेयजल मुहैया कराने के लिए कस्बे में करोड़ों रुपयों से जल निगम की टंकी का निर्माण पूर्व सांसद जफर अली नकवी ने शासन से मंजूर कराया था। कस्बा के बाशिंदों के मकानों में जलापूर्ति की व्यवस्था को कनेक्शन कर पाइप लाइन बिछा दी हैं। किंतु टंकी से जलापूर्ति न होने पर कस्बा के लोगों को स्वच्छ पेयजल नहीं मिला।

विधायक रोमी साहनी ने छात्रों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए संविलियन विद्यालय, पुलिस चौकी के गेट पर वाटर कूलर लगवाया था। वहीं तत्कालीन जिला पंचायत सदस्य अनुराधा ने मेन बाजार में इंडियन इलाहाबाद बैंक तथा शाही मस्जिद के गेट पर वाटर कूलर लगवाया था, लेकिन जनता का दुर्भाग्य कहें या अधिकारियों की लापरवाही गर्मी में भी वॉटर कूलर और टंकी बंद हैं।

कस्बा के कनेक्शन धारकों मुन्ना खान, रईस आलम, परवेज, मुस्तकीम, लईक, आदिल, इजला, खालिद, शाहिद, गुफरान, जियाउलला, सुधीर कुमार, रानू, सानू, सौरभ मिश्रा, गौरव मिश्रा, सरफराज, जफर, सालकीन अंसारी, बली मोहम्मद, आसिफ आदि ने चार साल से खराब पड़ी जल निगम की टंकी, संविलयन विद्यालय के गेट पर तथा बाजार में बन्द पड़े वाटर कूलर को तत्काल चालू कराने के लिए खंड विकास अधिकारी बांकेगंज से मांग की है। प्रधान रहनुमा चौधरी से भी शीतल जल मुहैया कराने की मांग की, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया, जिससे कस्बा के लोगों में रोष है।


कुकरा में बनी पानी की टंकी।


पुलिस चौकी के पास बंद पड़ा वॉटर कूलर।


मेन बाजार में बंद पड़ा वॉटर कूलर।


कस्बा कुकरा के वार्ड नंबर तीन के मेंबर अबरारुल हक अंसारी का कहना है कि इस हुकूमत में कोई जन प्रतिनिधि कुकरा की अवाम की समस्या को सुनने को तैयार नहीं है। चार साल से जल निगम की टंकी व आरओ वाटर कूलर बंद पड़े हैं।


कुकरा के बीडीसी मेंबर बली मोहम्मद गाजी हंजला ग्रुप के संचालक ने बताया कि प्रधान रहनुमा चौधरी से मिलकर शुद्ध पेयजल मुहैय्या कराने की मांग की थी, किंतु अभी तक जल निगम की लापरवाही के चलते अब तक समाधान नहीं हुआ है।



कस्बा निवासी भाजपा नेता एखलाक खान उर्फ मुन्ना का कहना है कि बंद पड़ी जल निगम की टंकी और दो आरओ वाटर कूलर चार वर्षों से बंद पड़े हैं, जिन्हें समय राहते यदि सही करा दिया जाए तो लोगों की पानी की समस्या समाप्त हो जाएगी।


कुकरा के ही रहने वाले गौरव मिश्रा कहना है कि कस्बे की अवाम शुद्ध पेयजल से महरूम है। सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च करके पानी की टंकी बनवा तो दी, मगर किसी ने जिम्मेदार ने इधर मुड़कर नहीं देखा है, जिससे कस्बावासी परेशान हैं।

चार वर्षों से स्वच्छ पेयजल जल निगम की टंकी द्वारा मुहैया नहीं कराया गया है। ग्रामीणों की समस्या को मद्देनजर रखते हुए ग्राम पंचायत की खुली बैठक में प्रस्ताव पारित करके खंड विकास कार्यालय बांकेगंज के माध्यम से जल निगम के आला अधिकारियों को भेज दिया है।


–**अशोक कुमार राणा**, ग्राम पंचायत अधिकारी कुकरा।

कस्बा कुकरा में पेयजल टंकी से जलापूर्ति काफी समय से उपलब्ध नहीं है। संविलियन विद्यालय के मेन गेट पर लगाया गया वाटर कूलर तथा बाजार में जिला पंचायत सदस्य अनुराधा द्वारा लगवाया गया वाटर कूलर दोनों काफी समय से बंद है। यह उनकी जानकारी में है। जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू चलाने के लिए वह जल निगम के अधिकारी व डीएम खीरी से भेंटकर पेयजल व्यवस्था को सुचारू कराने की व्यवस्था कराएंगे।


–**रोमी साहनी**, विधायक पलिया।

# कटान के समय गिरे पेड़ों से स्कूल भवन क्षतिग्रस्त



पेड़ गिरने से विद्यालय में क्षतिग्रस्त शौचालय। • अमृत विचार


काटन के दौरान पेड़ गिरने से विद्यालय की बाउंड्री क्षतिग्रस्त। • अमृत विचार

**संवाददाता, मझगईं**

- **ग्रामीणों ने की प्रधानाचार्य व ठेकेदार से क्षतिपूर्ति वसूलने की मांग**

**अमृत विचार:** विकास खंड निघासन के गांव बल्लीपुर में नीलाम किए गए यूकेलिप्टिस के पेड़ काटते समय उच्च प्राथमिक स्कूल पर गिर गए, जिससे स्कूल का भवन काफी क्षतिग्रस्त हो गया। गुस्साए ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नुकसान की पूर्ति स्कूल के प्रधानाचार्य और ठेकेदार से कराने की मांग की है।

गांव बल्लीपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में 26 यूकेलिप्टिस के पेड़ थे। जिनकी निलामी हुई। वन विभाग के अनुसार 2,21,605 रुपये के सापेक्ष 2,24,500 की सर्वाधिक बोली पलिया के ठेकेदार विजय कुमार ने लगाई थी। ठेकेदार ने 10 जून को विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में रुपये जमा कर दिए थे। नीलामी में शर्त रखी गई कि कटान के दौरान होने वाले किसी भी तरह के नुकसान के लिए ठेकेदार स्वयं उत्तरदायी होगा। शनिवार को ठेकेदार पेड़ कटवा रहा था। इस दौरान पेड़ गिरने से विद्यालय की बाउंड्रीवॉल, अतिरिक्त कक्ष, विद्यालय भवन, शौचालय आदि क्षतिग्रस्त हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और रोष जताते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बिना खुली बैठक कराए और ग्राम पंचायत से प्रस्ताव कराए पेड़ों की नीलामी की गई। इस पर उन्होंने तमाम सवाल उठाते हुए ठेकेदार और स्कूल के प्रधानाचार्य से क्षतिपूर्ति की वसूली किए जाने की मांग की। ग्राम प्रधान पति अनिल कुमार ने बताया कि विद्यालय परिसर में खड़े 26 यूकेलिप्टस के पेड़ों की नीलामी के बारे में 10 दिन पहले प्रधानाचार्य पवन कुमार ने जानकारी दी थी और बताया था कि विद्यालय में पेड़ों की नीलामी कर पेड़ों को कटवा दिया जाए। प्रधानपति ने बताया कि प्रधान ग्राम पंचायत का अध्यक्ष होता है। पेड़ों के काटने के लिए ग्राम पंचायत से कोई प्रस्ताव नहीं दिया गया। उसके बावजूद प्रधानाचार्य पवन कुमार ने अपने उच्चाधिकारियों का हवाला देते हुए ग्राम पंचायत में खुली बैठक की जानकारी दी। इस बैठक में कोई ग्रामीण व विद्यालय प्रबंधक अध्यक्ष शिशुपाल भी नहीं पहुंचे। उन्होंने सवाल उठाया कि बिना पंचायत के प्रस्ताव के नीलामी कैसे हो गई। प्रधानाचार्य ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी निघासन व संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों के प्रस्ताव पारित होने के बाद यह नीलामी की गई है। उसके बाद विद्यालय में खड़े 26 पेड़ो का कटान शुरू किया गया है। प्रदर्शन के दौरान शिशुपाल बृजेश कुमार, मिश्री लाल, छंगालाल, श्रवण, आदर्श, उत्तम पल, संजय, रोशन लाल, राजेंद्र, विनोद, महेश, मुशर्रफ सहित तमाम ग्रामीण शामिल रहे।

## कौमी एकता का प्रतीक है हजरत मलंग शाह का उर्स

**सिंगाही, अमृत विचार:** निघासन विकास खंड के गांव बंगलहा तकिया में हजरत मलंग शाह की मजार है। वहां पर हर साल उर्स का आयोजन होता है, जिसे गत 35 साल से एक ठाकुर परिवार करवाता आ रहा है। शुक्रवार को तमाम अकीदतमंदों ने मजार पर पहुंचकर चादरपोशी की।

बाबा हजरत मलंग शाह की मजार हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लिए धार्मिक सौहार्द्र एवं भाईचारे का प्रतीक बन चुकी है। गांव का एक ठाकुर परिवार हर साल उर्स का आयोजन कर रहा है। जिला पंचायत सदस्य ठाकुर दिनेश सिंह ने शुक्रवार को चादरपोशी कर उर्स का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि मजार पर जो भी सच्चे मन से मन्नत मांगता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। रात में कव्वाली हुई। इस दौरान भारी भीड़ मौजूद रही। व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष ऋषभ जैन का कहना है कि उर्स में दोनों धर्मों की कौमी एकता प्रदर्शित होती है। एक हिंदू परिवार कई वर्षों से पूजा अर्चना कर रहा है।

# जुलाई में चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान


एंटी लार्वा का छिड़काव कराते जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर। • अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान पूरे जुलाई माह चलेगा। इसमें स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग सहित 11 विभाग सहभागिता करेगें। इसकी कार्य योजना तैयार कर ली गई है।

जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर ने बताया कि इसके तहत नालियों की सफाई, कचरा निस्तारण, हैंडपंप की मरम्मत, एंटी लार्वा का छिड़काव, फागिंग एवं प्रचार-प्रसार आदि कराया जाएगा। इसके लिए तहसील एवं ब्लॉक पर बैठकें आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस संबंध में सोमवार को डीएम की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक होगी।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक मलेरिया के 137, डेंगू के 12 एवं एईएस के तीन मरीज मिल चुके हैं। 11 जुलाई से दस्तक अभियान शुरू होगा। इसमें फ्रंटलाइन वर्कर्स घर-घर जाकर लोगों से उनकी बीमारियों का रिकॉर्ड तैयार कर दिमागी बुखार से लेकर अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए जागरूक करेंगें।

## व्यापारी की मौत पर वाहन चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** गुरुवार सुबह मार्निंग वॉक के लिये निकले टायर व्यापारी की चौपहिया वाहन की टक्कर से हुई मौत पर मृतक के पुत्र की तहरीर पर वाहन चालक के नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई है।

नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी रोहित पटेल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके पिता शंकरदयाल वर्मा (73) 19 जून की सुबह पांच बजे मार्निंग वॉक पर गये थे, जो पैदल ही घर वापस आ रहे थे। तभी मोहम्मदी रोड पर श्यामजी राइस मिल के पास सानिध्य पुत्र जयसिंह निवासी डॉ एचसी वर्मा चिकित्सालय के पीछे ने अपने चार पहिया वाहन को तेज गति एवं लापरवाही से चलाते हुये शंकरदयाल वर्मा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता गिर गये। सानिध्य उन्हें कुचलते हुये मौके से भाग निकला। गंभीर घायल होने पर उन्हें सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों के प्रयास के बाद भी उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। कोतवाली पुलिस ने सानिध्य के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# पुलिस ने किशोर को घर से उठाया, भेजा चालान

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- **जुबेनाइल कोर्ट ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज व सीडीआर सुरक्षित करने के दिए आदेश**

**अमृत विचार:** मोबाइल चोरी के शक में घर से पकड़कर एक किशोर को लाई सदर कोतवाली पुलिस अब अपने ही बुने जाल में फंस गई है। किशोर के परिजनों का आरोप है कि पुलिस उसे घर से ले गई और मोबाइल बरामद कर उसका चालान भेज दिया, जबकि पुलिस का कहना है कि आरोपी को शहर के एक चौराहे से गिरफ्तार किया है। जुबेनाइल कोर्ट ने घटना वाले दिन की संकटा देवी चौकी व कोतवाली सदर की सीसीटीवी फुटेज और पुलिसकर्मियों के सीडीआर सुरक्षित रखने के आदेश दिए हैं। इससे सदर कोतवाली पुलिस में हड़कंप मचा है।

एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में छात्र के पिता ने बताया कि 31 मई की सुबह संकटा देवी के एक दरोगा अपने पांच छह पुलिसकर्मियों के साथ उसके घर आए थे। सभी ने बेटे को बुलाकर पूछताछ करने की बात कहते हुए उसे अपने साथ ले गए। पुलिस टीम के साथ गांव के दो अन्य युवक भी मोबाइल चोरी के मामले में पुलिस के साथ थे। बेटे को पहले संकटा देवी चौकी ले गए। बाद में उसे सदर कोतवाली की हवालात में रात भर बंद रखा। वहीं पुलिस ने दोनों अन्य युवकों को बाद में छोड़ दिया।

इधर घटना के दूसरे दिन एक जून को पुलिस ने प्रेमनगर मोहल्ले से तीन चोरी के मोबाइलों को बरामद करने का दावा करते हुए छात्र का चालान कर दिया। इस बात की जानकारी होने पर परिजनों ने जुबेनाइल कोर्ट में अपना पक्ष रखा और कोर्ट से न्याय की अपील की। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनाक्रम के दौरान की पुलिस चौकी संकटा देवी और कोतवाली की सीसीटीवी फुटेज के अलावा चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों की सीडीआर सुरक्षित रखने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद सदर कोतवाली पुलिस में हड़कंप मचा है। पुलिस अब मामले में लीपापोती करने में जुट गई है।

आरोपी किशोर को संकटा देवी चौकी इंचार्ज ने शहर से गिरफ्तार किया था। उसके पास से चोरी के मोबाइल भी बरामद हुए हैं। –**हेमंत राय** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर

### कक्षा 11 का छात्र है आरोपी किशोर

मोबाइल चोरी के आरोपी छात्र काफी होनहार है। उसने इसी साल दसवीं की परीक्षा काफी अच्छे नंबरों से पास की है। उसने अब कक्षा 11 में प्रवेश लिया है। लोगों का कहना है कि पुलिस फर्जी गुड वर्क दिखाकर लोगों के भविष्य के साथ अक्सर खिलवाड़ करती है। वहीं छात्र के मामले में हुआ है। पुलिस ने छात्र के पूरे कैरियर को बर्बाद कर दिया है। ऐसे सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई की जाए।

## महासती अनुसइया की कथा सुन भाव विभोर हुए भक्त

**बिलहरी, अमृत विचार:** बांसगांव में हो रहे यज्ञ के समापन पर कथा व्यास ने महासती अनुसइया की कथा सुनाई। जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हुए।

बांसगांव में दुर्गा माता मंदिर पर हो रहे सात दिवसीय विष्णु महायज्ञ व संत सम्मेलन में यज्ञाचार्य विवेक शास्त्री, प्रवेश त्रिवेदी, अभिषेक शुक्ला, विनय मिश्र, शशांक वाजपेयी ने मंत्रोच्चार के साथ हवन कुंड मे यजमानों व ग्रामीणो के द्वारा पूर्ण आहूतियां डलवाईं। यज्ञ के समापन पर आसपास गांवों के श्रद्धालुओं ने यज्ञ की परिक्रमा कर पुण्य अर्जित किया।

नैमिष धाम के कथाव्यास पंडित, सुदीप शुक्ला जी महाराज, साध्वी दुर्गा रमा किशोरी ने माता अनुसाइया की कथा सुनाई। इसके साथ ही कन्या भोज के साथ कथा का विश्राम हो गया।

# मंडलायुक्त ने बदहाल माधोटांडा मार्ग का किया निरीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने पीलीभीत-माधोटांडा-कलीनगर-शाहगढ़ असम मार्ग का निरीक्षण किया। करीब साल भर पहले बाढ़-बारिश के दौरान कटे मार्ग का निर्माण न किए जाने पर नाराजगी जताई और तत्काल मार्ग का निर्माण कराने के निर्देश दिए।

बता दें कि करीब साल भर पहले बाढ़-बारिश के दौरान पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग गांव जमुनिया के पास दो स्थानों पर कट गया था। पीडब्ल्यूडी द्वारा मिट्टी डलवा कर आवागमन शुरू किया गया है। मामूली बारिश होने पर भी यहां से गुजरना खासा मुश्किल है। इस मामले को लेकर तमाम शिकायतें भी हो चुकी है, मगर अभी तक मार्ग का निर्माण नहीं कराया गया है। इधर शनिवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल पीलीभीत-माधोटांडा-कलीनगर-शाहगढ़-असम मार्ग पर साल भर पहले बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई पुलियों का निरीक्षण करने पहुंचीं। यहां उन्होंने अधिशासी अभियंता से जानकारी ली। साल भर बाद भी मार्ग दुरुस्त न मिलने पर उन्होंने खासी नाराजगी जताई। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुलियों की मरम्मत का प्रस्ताव जिलाधिकारी के माध्यम से सचिव एवं राहत आयुक्त को भेजा जा चुका है, जिसकी अभी स्वीकृति नहीं मिली है।

जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना में उक्त मार्ग एवं पुलियों को इस वर्ष सम्मिलित कर लिया गया है। इस दौरान मंडलायुक्त ने पुलिया पर ब्रिक बैट्स के ऊपर पत्थर डालकर कुटाई कराने के निर्देश दिए ताकि यातायात में असुविधा न हो। पुलियों के दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर, बोर्ड और पुलियों के दोनों साइड पर बल्ली लगाने के भी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, एडीएम वित्त ऋतु पूनिया, अधिशासी अभियंता राजेश चौधरी आदि मौजूद रहे।


पीलीभीत–माधोटांडा मार्ग पर निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता से जानकारी लेतीं मंडलायुक्त। • अमृत विचार

### मंडलायुक्त ने चौपाल में ग्रामीणों से किया संवाद, सुनी समस्याएं

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में गांव मगरासा (भूड़ा) में चौपाल का आयोजन किया। उन्होंने चौपाल में ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित आंगनबाडी केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। गांव मगरासा में शनिवार को आयोजित हुई चौपाल में मंडलायुक्त ने ग्रामीणों से संचालित हैंडपंपों की जानकारी ली। खराब हैंडपंपों की जानकारी पर उन्होंने तत्काल हैंडपंपों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की भी ग्रामीणों से जानकारी लेने के बाद उन्होंने उनकी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि किसान सम्मान निधि के जो नए आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, उनका तत्काल पंजीकरण एवं सत्यापन कर लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जाये।वृद्धा पेंशन की जानकारी लेने पर कुछ लाभार्थियों ने पेंशन रुकी होने की जानकारी दी। जिस पर समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया कि जिन लाभार्थियों द्वारा बैंक से एनपीसीआई मेपिंग नहीं कराई गई है। चौपाल में मंडलायुक्त ने ग्रामीणों से गांव में अंत्योदय कार्डधारकों की संख्या जानी व राशन वितरण जानकारी ली।राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा की। बताया गया कि स्वयं सहायता समूह की मुन्नी देवी द्वारा 50 का ऋण लेकर पशुपालन का कार्य किया जा रहा है। मुन्नी देवी ने बताया कि ने दूध की बिक्री कर अपनी आय में वृद्धि करने के साथ अन्य महिलाओं को भी समूह से जुड़ने के लिए प्रेरित कर चुकी हैं। महिला नीरज देवी समेत ममता देवी द्वारा ऋण लेकर सिलाई का कार्य शुरू करने की जानकारी दी गई। इस दौरान मंडलायुक्त ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया। इसके अलावा मंडलायुक्त एवं डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने किसानों को बाजरा किट और मृतक के परिजनों की विरासत कर खतौनी वितरित गई। इस दौरान मंडलायुक्त ने गांव में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। मंडलायुक्त, ब्लाक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार आदि ने पौधरोपण भी किया। इस मौके पर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, एडीएम वित्त ऋतु पूनिया, डीडीओ संजय कुमार, एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



बेहतर कार्य पर समूह की महिलाओं का सम्मानित करतीं मंडलायुक्त।

# सिंगाही बिजली उपकेंद्र को ग्रामीण में बदला

**संवाददाता, निघासन**

- **23 के बजाय अब 16 घंटे ही मिलेगी बिजली**
- **उपकेंद्र के कर्मचारियों ने ग्रामीण करने पर जताया विरोध**

**अमृत विचार:** नगर पंचायत सिंगाही में स्थित बिजली उपकेंद्र को ग्रामीण उपकेंद्र घोषित करने से निघासन और सिंगाही के उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। पहले उन्हें 23 घंटे बिजली आपूर्ति होती थी, लेकिन अब मात्र 16 घंटे ही बिजली मिल सकेगी। इसका खुलासा होने के बाद अधिशासी अभियंता ने अधीक्षण अभियंता को पत्र भेजकर इसे शहरी (अर्बन) में कराने की मांग की है।

तहसील निघासन क्षेत्र की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए 25 जुलाई 2013 को 33 केवीए विद्युत उपकेंद्र निघासन का शिलान्यास नगर पंचायत सिंगाही में हुआ था। इस उपकेंद्र से निघासन और नगर पंचायत सिंगाही को 21:30 घंटे बिजली आपूर्ति की जाती थी।

वर्ष 2018 में इसे शहरी क्षेत्र में कर दिया गया था, लेकिन वर्ल्ड क्लास कंपनी ने पहली मई से इस उपकेंद्र को ग्रामीण कर यहां तैनात कर्मचारियों की संख्या भी काफी घटा दी है। इससे उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में हो जाने के कारण अब बिजली सप्लाई भी 16 घंटे ही मिल पाएगी। उधर उपकेंद्र के कर्मचारियों ने भी ग्रामीण उपकेंद्र करने पर कड़ा विरोध जताया है। उनका कहना है कि कंपनी ने छह कर्मचारियों को उनके कार्य से हटाया है।

इधर जब इसकी जानकारी अधिशासी अभियंता निघासन रविंद्र कुमार सिंह यादव को हुई तो उन्होंने अधीक्षण अभियंता लखीमपुर को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने बिजली उपकेंद्र सिंगाही को शहरी (अर्बन) की सूची में शामिल कराने की मांग की है।

शहरी और ग्रामीण उपकेंद्रों की कोई सूची जारी हुई है, जिसमें त्रुटिवश सिंगाही उपकेंद्र को भी ग्रामीण में शामिल किया गया है। जिसे शहरी (अर्बन) में कराने के लिए अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखा गया है।
–**रविंद्र कुमार सिंह यादव**, अधिशासी अभियंता निघासन।

